कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 356, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 24 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

न्यूज फ्लैश

हरित अमोनिया व हरित हाइड्रोजन की आपूर्ति का समझौता ऐतिहासिक : आरके सिंह

नई दिल्ली

भारत से जापान तक हरित अमोनिया की आपूर्ति के लेकर मंगलवार को ऑफ-टेक टर्म शीट पर हुए हस्ताक्षर के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया बनाने की भारत की लागत पहले से ही दुनिया में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी है। जापान और अन्य विकसित देशों को हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया की भारी आवश्यकता है, जिसे भारत सबसे प्रतिस्पर्धी दरों पर आपूर्ति करने में सक्षम होगा। इन्होंने इस समझौते को ऐतिहासिक बताया। आरके सिंह ने कहा कि यह एक नई दुनिया है, जहां हम जीवाश्म ईंधन और कार्बन को हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया जैसे हरित और नवीकरणीय ईंधन से प्रतिस्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि जापान भारत का घनिष्ठ मित्र और भागीदार रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा को हरित बनाने में यह सहयोग हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगा। मंगलवार को भारत में अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसीएमई समूह और जापान की भारी उद्योग क्षेत्र की आईएचआई कॉरपोरेशन के बीच भारत (ओडिशा) से जापान तक हरित अमोनिया की आपूर्ति के लिए एक ऑफ-टेक टर्म शीट पर हस्ताक्षर किए। आफ-टेक टर्म शीट पर एसीएमई समूह के संस्थापक व अध्यक्ष मनोज उपाध्याय और आईएचआई कॉरपोरेशन के अध्यक्ष व सीईओ हिरोशी आइडे ने केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस मौके पर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव भूपिंदर सिंह भल्ला और भारत में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी मौजूद रहे।

ग्रीन अमोनिया के उत्पादन में हाइड्रो-इलेक्ट्रिक, सौर ऊर्जा या पवन टरबाइन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जाता है। हरित अमोनिया बनाने की एक विधि जल के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन को वायु द्वारा अलग करना है। पवन तथा सौर ऊर्जा जैसे नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके पानी के विद्युत अपघटन द्वारा हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पृथक करके ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है।

देश में 15 जनवरी तक 149.52 लाख टन चीनी का हुआ उत्पादन : इस्मा

नई दिल्ली

देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 जनवरी, 2024 तक चीनी का उत्पादन 149.52 लाख टन रहा है। पिछले विपणन वर्ष की समान अवधि में 157.87 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 5.28 फीसदी कम है। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (इस्मा) ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 5.28 फीसदी घटकर 149.52 लाख टन रहा है, जबकि पिछले चीनी विपणन वर्ष की समान अवधि में 157.87 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के मुताबिक पिछले वर्ष की इसी अवधि में संचालित 515 मिलों की तुलना में इस वर्ष चालू चीनी मिलों की संख्या 520 है। हालांकि, इस्मा ने कहा कि इस बार चीनी का उत्पादन पहले के अनुमान से कहीं अधिक हो सकता है। इस्मा ने सरकार से चालू चीनी विपणन सत्र में इथेनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त 10-12 लाख टन चीनी के स्थानांतरण (डायवर्जन) की अनुमति देने का अनुरोध किया है। उद्योग संगठन ने चीनी के ज्यादा उत्पादन के अनुमान के बीच यह मांग रखी है। इस्मा ने कहा कि हमारा यह मानना है कि चालू चीनी विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन पहले की उम्मीद की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकता है। इस्मा ने कहा कि वह इस महीने के अंत तक चीनी के उत्पादन का अपना दूसरा अनुमान सामने लाएगा।

उद्योग निकाय के मुताबिक देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 15 जनवरी तक चीनी उत्पादन घटकर 50.73 लाख टन रह गया है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 60.26 लाख टन रहा था। इसी तरह तीसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक कर्नाटक में उत्पादन घटकर 31.16 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 33.58 लाख टन था। हालांकि, दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य यूपी में 15 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 45.73 लाख टन से अधिक रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 40.65 लाख टन था।

कर्तव्य पथ पर अनंत सूत्र - द एंडलेस थ्रेड के तहत देश के कोने कोने से 1900 साड़ियां होंगी प्रदर्शित

नई दिल्ली

संस्कृति मंत्रालय इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर अनंत सूत्र - द एंडलेस थ्रेड की प्रदर्शनी लगाएगा। यह प्रदर्शनी गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए बनाई गई दर्शक दीर्घा के पीछे लगाई जाएगी। दरअसल, अनंत सूत्र वास्तव में साड़ी परिधान के लिए एक विशेष सम्मान है। इसमें देश के हर कोने से आने वाली लगभग 1,900 साड़ियों को प्रदर्शित किया जाएगा, जो कर्तव्य पथ के साथ लकड़ी के फ्रेम के साथ ऊंचाई पर लगाए गए हैं। इस प्रदर्शन में क्यूआर कोड भी दर्शाए जा रहे हैं, जिन्हें स्कैन करके लोग उत्पादों में इस्तेमाल की जाने वाली बुनाई और कढ़ाई, कसीदाकारी और फुलकारी आदि कला के बारे में विवरण जान सकते हैं। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद सरभाई ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 150 साल पुरानी साड़ी भी प्रदर्शित की जाएंगी।

'राम के विचार हमें निरंतर ऊर्जा देते हैं'

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और अयोध्या अपने मन में लेकर लौटे हैं और वह ऐसी अयोध्या है, जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती। पीएम ने अपने मन की यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से कही है। मोदी ने यह भी कहा कि प्रभु श्रीराम के विचारों की शक्ति ही 2047 तक विकसित भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उनका भव्य मंदिर हमें सफलता और विकास के नव प्रतिमान गढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।



राष्ट्रपति मुर्मु ने पीएम मोदी को लिखा था पत्र

वास्तव में राष्ट्रपति ने श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पीएम को एक पत्र लिखकर भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के लिए इस महान अवसर की महत्ता रेखांकित करते हुए मुख्य यजमान के रूप में मोदी की 11 दिवसीय कठिन तपस्या की प्रशंसा की थी। इसके उत्तर में पीएम ने राष्ट्रपति को लिखा है- आपके पत्र के हर शब्द ने आपके करुणामयी स्वभाव और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन पर आपकी असीम प्रसन्नता व्यक्त की है। अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद आपको यह पत्र लिख रहा हूं, आपकी शुभकामनाओं और स्नेह का बहुत आभारी हूं।

पीएम मोदी ने 11 दिनों का रखा था व्रत

उन्होंने इस अवसर को अपना सौभाग्य और दायित्व भी बताया। पीएम ने 11 दिनों के व्रत-अनुष्ठान और यम-नियम की चर्चा का भी उल्लेख किया और कहा कि हमारा देश ऐसे अनगिनत लोगों का साक्षी रहा है जिन्होंने शताब्दियों तक अनेक संकल्प व्रत किए, जिससे कि रामलला अपने जन्मस्थान पर विराज सकें।

पीएम मोदी ने लिखा, सदियों तक चले इन व्रतों की पूर्णाहति का संवाहक बनना बहुत भावुक क्षण था। 140 करोड़ देशवासियों के साथ रामलला के साक्षात दर्शन उनके रूप से साक्षात्कार और उनके स्वागत के वो क्षण अप्रतिम थे। वह क्षण प्रभु श्रीराम और भारत के लोगों के आशीर्वाद से ही संभव हुआ और मैं इसके लिए सदैव कृतज्ञ रहूंगा।

बॉक्स

पीएम ने अयोध्या यात्रा का किया उल्लेख

पीएम ने अपनी अयोध्या यात्री अलग अनुभूति का उल्लेख करते हुए लिखा है कि जब आपका पत्र मिला था, तब मैं अलग ही भावयात्रा में था। आपके पत्र ने मुझे, मेरे मन की इन भावनाओं को संभालने में, उनसे सामंजस्य बिठाने में अपार सहयोग और संबल दिया है। पीएम लिखते हैं-'मैंने एक तीर्थयात्री के रूप में अयोध्या धाम की यात्रा की। जिस पवित्र भूमि पर आस्था और इतिहास का ऐसा संगम हुआ हो, वहां जाकर मेरा मन अनेक भावनाओं से विह्वल हो गया।'

गरीब कल्याण के लिए श्रीराम के विचार ऊर्जा देने वाले: पीएम मोदी

राष्ट्रपति ने अपने पत्र में जनजातीय समाज के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना का उल्लेख किया। इस संदर्भ में पीएम ने उन्हें लिखा कि आदिवासी समाज से जुड़े होने के कारण आपसे ज्यादा अच्छे तरीके से कौन इसे समझ सकता है। हमारी संस्कृति ने हमेशा समाज के सबसे वंचित वर्ग के लिए काम करने की सीख दी है। पीएम जनमन जैसे कई अभियान आज देशवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। गरीब कल्याण के इन कार्यों के लिए प्रभु श्रीराम के विचार निरंतर ऊर्जा देते हैं। उन्होंने श्रीराम को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा भी बताया। पीएम ने लिखा कि इसी मंत्र का आज सर्वत्र परिणाम दिख रहा है। पिछले एक दशक में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

अयोध्या में भीड़ बेकाबू, लखनऊ से स्पेशल बसें बंद

योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे; यूपी के प्रमुख सचिव गृह और लॉ एंड ऑर्डर को भी बुलाया

अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभु श्री रामलला की पहली मंगला आरती हुई। राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। लोग सिक्योरिटी तोड़कर दर्शन करने भाग निकले।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार 23 जनवरी को मंदिर में आम लोगों का दर्शन शुरू हुए। रात 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। रामलला के दर्शन के लिए कई राज्यों से लोग आए हुए हैं। जैसे ही मंदिर के गेट खुले तो लोगों में अंदर जाने के लिए होड़ सी मच गई। दर्शन के लिए उमड़े हुजूम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर में शयन के लिए बंद किए गए भगवान रामलला के कपाट एक घंटे पहले ही खोल दिए गए। रामलला के शयन के लिए पट दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक बंद रहने थे, लेकिन भीड़ के चलते 1 बजे ही खोल दिए गए। लोगों को दर्शन के लिए छोटे-छोटे ग्रुपों में भेजा जा रहा है। एक बार तो लोग सिक्योरिटी तोड़कर ही भाग निकले। स्थिति बिगड़ते देख पहले यूपी के गृह सचिव और डीजी लॉ एंड ऑर्डर अयोध्या पहुंचे। इसके बाद खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच गए। आरएफ ने मोर्चा संभाला, तब जाकर दर्शन की व्यवस्थाएं दुरुस्त हो पाईं।

अमित शाह 4 फरवरी को अयोध्या आएंगे

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 फरवरी को अयोध्या आएंगे। वे परिवार के साथ रामलला के दर्शन करेंगे। अमित शाह का कल का अयोध्या दौरा रद्द हुआ था।

हर दिन नए आभूषण-वस्त्रों में दिखेंगे रामलला

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने दैनिक भास्कर से कहा, 'रामलला को हर दिन अलग-अलग रंग के वस्त्र और आभूषण पहनाए जाएंगे।

इसका दिन नए विधान के अनुसार होगा। रामलला के नवीन विग्रह के कारण पूजन और श्रृंगार का समय बढ़ा है। मेरे साथ 4 सहायक पुजारी, 1 भंडारी, 1 कोठारी और 1 माली रामलला की सेवा कर रहे हैं।'

5 बार आरती होगी, श्रृंगार के बाद पर्दा हटेगा; पूजन का नया विधान ट्रस्ट को सौंपा गया

अयोध्या में रामलला विराजित हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को नए गर्भगृह में पहली सुबह थी। राम मंदिर में ठीक 6.30 बजे रामलला को जागरण आरती करके जगाया गया। 5 साल के बालक की तरह उन्हें दुलार दिया। राजा के पुत्र की तरह उनका श्रृंगार किया गया। गर्भगृह में जब पर्दा हटा, तब भक्तों ने उनके ठाठ देखे। ट्रस्ट की धार्मिक समिति ने रामलला के पूजन से संबंधित नए विधान को ट्रस्ट के हाथों में सौंप दिया है। इसको लागू होने तक फिलहाल पुराने विधान के अनुसार ही आरती, शयन और जलपान होगा। मंदिर की सुरक्षा में तैनात एक सीनियर अफसर ने बताया, "रामलला के दर्शन के लिए हर श्रद्धालु को सिर्फ 1 से 2 सेकेंड मिल रहे हैं।"

महिला पहलवानों ने ओवरसाइट कमेटी के गठन और उसकी जांच पर सवाल उठाया

नई दिल्ली

भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर महिला पहलवानों की ओर से ओवरसाइट कमेटी के गठन और उसकी जांच पर सवाल उठाया गया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में आज महिला पहलवानों की तरफ से आरोप तय करने के मामले पर दलीलें पूरी कर ली गईं। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने मामले की अगली सुनवाई 2 फरवरी को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आरोपित बृजभूषण शरण सिंह कोर्ट में पेश नहीं हुए। उनकी ओर से आज कोर्ट में पेशी से छूट की मांग की गई, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इस मामले के दूसरे आरोपित विनोद तोमर कोर्ट में मौजूद थे। महिला पहलवानों की ओर से वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि ओवरसाइट कमेटी का गठन प्रोटेक्शन ऑफ वुमन फ्राम सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट (पॉश) के प्रावधानों के अनुरूप नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि ओवरसाइट कमेटी आंतरिक शिकायत निवारण कमेटी नहीं है। ऐसे में ओवरसाइट कमेटी की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने 20 जुलाई, 2023 को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को जमानत दी थी। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर 7 जुलाई, 2023 को संज्ञान लिया था। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

जननायक कपूर्री ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की। केंद्र सरकार ने आखिरी बार 2019 में भूपेन हजारिका को भारत रत्न से नवाजा था, जिसके बाद अब ये उपाधि कपूर्री ठाकुर को दी जाएगी। बता दें कि जननायक कपूर्री ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उन्हें पिछड़े वर्गों के हितों की वकालत करने के लिए पहचान मिली हुई थी, जिन्हें अब मोदी सरकार ने भारत का सबसे बड़ा पुरस्कार भारत रत्न देने का एलान किया है।

मोदी सरकार ने अब तक किस-किस को दिया भारत रत्न

बता दें कि 2014 में केंद्र में आने के बाद मोदी सरकार ने अब तक सात लोगों को भारत रत्न दिया है और आठवें भारत रत्न की घोषणा की है। मोदी सरकार ने 2014 में सीएन आर राव और सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न से नवाजा था। सीएन आर राव एक प्रख्यात रसायनज्ञ हैं, जिन्होंने रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया है।

सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के इतिहास में मास्टर ब्लास्टर के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डेब्यू किया था। उनके नाम सौ शतक का रिकॉर्ड है। साथ ही उन्होंने सभी प्रारूपों में 30,000 से अधिक रन बनाए हैं। पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी बाजपेयी (2015) केंद्र सरकार ने 2015 में पंडित मदनमोहन मालवीय और अटल बिहारी बाजपेयी को भारत रत्न दिया था। पंडित मदन मोहन मालवीय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अखिल भारतीय हिंदू महासभा के संस्थापक थे। वह महामना के रूप में जाने जाते थे। अटल बिहारी बाजपेयी भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे थे। उन्हें 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

म्यांमार का मिलिट्री एयरक्राफ्ट मिजोरम में रनवे पर फिसला, 8 सैनिक घायल

आइजोल

म्यांमार का एक मिलिट्री एयरक्राफ्ट मंगलवार को मिजोरम के लेंगपुई एयरपोर्ट के रनवे पर फिसल गया। इसमें क्रू मेंबर्स सहित 14 लोग सवार थे। हादसे में 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। छह लोग सुरक्षित हैं। मिजोरम के अनिल शुक्ला ने बताया कि छोटे साइज का एयरक्राफ्ट शानक्सी -8 म्यांमार से भागकर भारत आए सैनिकों को वापस लेने आया था। सुबह 10:20 बजे लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसलकर जंगल में गिर गया। हादसे के बाद विमान दो हिस्सों में बंट गया। घायलों को लेंगपुई अस्पताल ले जाया गया है। सबकी हालत स्थिर हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एसोसिएशन ने हादसे को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। लेंगपुई आने वाली सभी फ्लाइट्स डायवर्ट कर दी गई हैं। लेंगपुई एयरपोर्ट का रनवे एक टेबल टॉप रनवे है, जो पहाड़ के ऊपर पर बना है। यहां पर आम रनवे के मुकाबले टेक ऑफ और लैंडिंग करना थोड़ा मुश्किल होता है।

17 जनवरी को म्यांमार से भागकर आए थे 276 सैनिक

मिजोरम पुलिस के मुताबिक, विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए 17 जनवरी को म्यांमार के 276 सैनिक राज्य के लॉन्टलाई जिले के बॉन्डुकबंगसोरा गांव में घुसे थे। इनमें एक कर्नल सहित 36 अधिकारी और 240 लोअर रैंक के सैनिक हैं। उन्होंने असम राइफल्स से शरण मांगी थी। इनमें से 184 सैनिकों को सोमवार को म्यांमार वापस भेजा गया था। 92 सैनिकों को आज भेजा जाना था।

राम मंदिर की नई मूर्ति का नाम बालक राम रखा

प्राण प्रतिष्ठा में शामिल पुजारी बोले- प्रभु बच्चे की तरह दिखते हैं, उनकी उम्र 5 साल

अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई भगवान राम की नई मूर्ति को बालक राम के नाम से जाना जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल रहे पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया- नई मूर्ति का नाम बालक राम रखने का कारण यह है कि प्रभु एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी उम्र 5 साल है। पहली बार जब मैंने मूर्ति देखी, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मेरी आंखों में खुशी के आंसू बहने लगे। उस समय मुझे जो अनुभूति हुई, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि अब तक मैं 50-60 बड़े अभिषेक में शामिल रहा, लेकिन मेरे जीवन का यह सबसे अलौकिक, दिव्य और सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम रहा। दीक्षित ने कहा कि उन्हें मूर्ति की पहली झलक 18 जनवरी को मिली थी।

प्राण-प्रतिष्ठा में 6 यजमान शामिल हुए

सोमवार यानी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पूजा में पीएम मोदी और फ्रर चीफ मोहन भागवत समेत 6 यजमान शामिल हुए। इसके बाद मोदी ने करीब 35 मिनट का भाषण दिया। पीएम ने कहा- कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। राम मंदिर किसी आग को नहीं, ऊर्जा को जन्म दे रहा है।

पुरानी मूर्ति नई मूर्ति के सामने रखी गई

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अनुसार, रामलला की पुरानी मूर्ति, जो पहले एक अस्थायी मंदिर में रखी गई थी। उसे भी नई मूर्ति के सामने रखा गया है। मूर्ति के लिए आभूषण अध्यात्म रामायण, वाल्मिकी रामायण, रामचरितमानस और अलवंदर स्तोत्रम जैसे ग्रंथों के गहन शोध और अध्ययन के बाद तैयार किए गए हैं।

मूर्ति को बनारसी कपड़े से सजाया गया

मूर्ति को बनारसी कपड़े से सजाया गया है, जिसमें एक पीली धोती और एक लाल 'पताका' या 'अंगवस्त्रम' है। 'अंगवस्त्रम' को शुद्ध सोने की 'जरी' और धागों से सजाया गया है, जिसमें शुभ वैष्णव प्रतीक-शंख, पद्म, चक्र और मयूर शामिल हैं।

रामलला ने पहने 5 किलो सोने के आभूषण

5 साल के बालक रूप में विराजमान रामलला का सोने के आभूषणों से श्रृंगार देख लोग भाव-विभोर हो गए। ट्रस्ट सूत्रों के मुताबिक, 200 किलो की प्रतिमा को 5 किलो सोने के जेवरात पहनाए गए हैं। नख से ललाट तक भगवान जवाहरातों से सजे हुए हैं। रामलला ने सिर पर सोने का मुकुट पहना है। मुकुट में माणिक्य, पन्ना और हीरे लगे हैं। बीच में सूर्य अंकित हैं। दायीं ओर मोतियों की लड़ियां हैं। वहीं, कुंडल में मयूर आकृतियां बनी हैं। इसमें भी सोना, हीरा, माणिक्य और पन्ना लगा है। ललाट पर मंगल तिलक है। इसे हीरे और माणिक्य से बनाया है। कमर में रत्न जड़ित करधनी है। इसमें छोटी-छोटी पांच घंटियां भी लगाई हैं। दोनों हाथों में रत्न जड़े कंगन हैं। बाएं हाथ में सोने का धनुष और दाहिने में सोने का बाण है।

तीन अरब साल पुरानी चट्टान से बनी मूर्ति

मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा तराशी गई 51 इंच की मूर्ति को तीन अरब साल पुरानी चट्टान से बनाया गया है। नीले रंग की कृष्णा शिला की खुदाई मैसूर के एचडी कोटे तालुका में जयापुरा होबली में गुज्जेगौदानपुरा से की गई थी। यह एक महीन से मध्यम दाने वाली आसमानी-नीली मेटामॉर्फिक चट्टान है, जिसे आम तौर पर इसकी चिकनी सतह की बनावट के कारण सोपस्टोन कहा जाता है। कृष्ण शिला रामदास (78) की कृषि भूमि को समतल करते समय मिली थी। इसके बाद एक स्थानीय ठेकेदार ने पत्थर की गुणवत्ता का आकलन किया था।

मेजा में धार्मिक आयोजनों एवं राम के जयकारों से गुंजायमान रहा रामोत्सव महापर्व

अखंड भारत संदेश

श्रीराम के स्वागत में घर घर जले दीप चारों तरफ दीपावली जैसा रहा नजारा

मेजा। रामोत्सव महापर्व को लेकर सोमवार को लेकर संपूर्ण मेजा क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान भगवान राम के आने की खुशी में कहीं भजन कीर्तन तो कहीं भव्य शोभायात्रा निकाल कर महाप्रसाद वितरित किया गया। चारों ओर राम भक्ति में लीन राम आएंगे तो तो अंगना सजाऊंगी के गाने पर मस्ती में झूमते नाचते गाते श्रद्धालुओं की जयश्रीराम की गूंज से पूरा वातावरण राम मय बना रहा और जैसे ही शाम हुई तो नजारा और भी आकर्षण बन गया इलाके के सभी धार्मिक स्थलों को जहा मनोहारी भव्य आकर्षक लाइ टों की रोशनी से सजाया गया था वहीं लोगों के घरों व छतों पर जलते दीप श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महापर्व को अलौकिक एवं ऐतिहासिक बना रहे थे। इसी क्रम में मेजारोड पांती में स्थित सिद्ध मानस मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी ई० पंडित नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में भजन कीर्तन के साथ साथ सुंदर कांड पाठ का भव्य आयोजन एवं अयोध्या में हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण और महाप्रसाद के रूप में विशाल भंडारा चलाया गया। अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही। लखनपुर गांव की प्रधान श्रीमती नीलम तिवारी की अगुवाई में श्रीराम लला के आने की खुशी में यादगार शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि आज का दिन देश के इतिहास का बहुत बड़ा एवं महत्वपूर्ण दिन है। मेजारोड चौराहे पर भाजपा नेता अमित शुक्ला के नेतृत्व में श्रीराम भक्तों को प्रसाद बांटा गया। संगमनी मंदिर समहन गांव में भाजपा के जिला मंत्री युवा मोर्चा राहुल मिश्रा रोहित मिश्र सुरेन्द्र यादव अनंत शर्मा और गोलू मिश्रा ने धार्मिक आयोजन कर प्रसाद बांटा इस दौरान जिला मंत्री राहुल मिश्रा के नेतृव में उक्त मंदिर परिसर में 11 हजार दीप प्रज्जवलित किया गया। कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि पप्पू शर्मा उर्फ हरिशंकर शमार्के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई और महाप्रसाद का वितरण कराया गया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल को देश के नागरिक हमेशा याद रखेंगे साथ ही साथ श्रीराम की पूजा अर्चना से उनका जीवन धन्य हो जाएगा। मेजा खास बाजार में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र और रामलीला कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जगह जगह महाप्रसाद भी वितरित किया गया इस दौरान कई जगह भंडारा भी चलता रहा। कुल मिलाकर देखा जाय तो श्रीराम प्रं प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को संपूर्ण मेजा क्षेत्र रामनाम की गूंज से सराबोर रहा और लोगों ने इस महापर्व को अलौकिक यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखा है।

मांडवी चंद्रकांती पूर्व माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम संपन्न

माण्डा। विकास ब्लॉक मांडा क्षेत्र अंतर्गत कोसड़ा कलां ग्राम पंचायत के बेलहा गांव में स्थित माण्डवी चंद्रकांती पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भाजपा नेता योगेश शुक्ल एवं प्रबंधक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। वही विद्यालय छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभु श्रीराम व माता सीता साथ में लक्ष्मण की झांकी एवं रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुति कर श्रोताओं को मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि देवी शंकर द्विवेदी, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, कोसड़ा कला प्रधान प्रतिनिधि दरबारी लाल पटेल,पूर्व प्रधान केपी सिंह, प्रभा कांत पाण्डेय,अभय राज मिश्रा, अमित मिश्रा,भगवती सिंह, सत्यम शुक्ला, राकेश मौर्य ,लवकुश द्विवेदी, सुनील मौर्या ,आंचल, उत्तरा पांडेय, सपना मिश्रा, मोमिना खातून आदि उपस्थित रहे । विद्यालय की प्रधानाचार्य रीता देवी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन देव मनी पांडेय ने किया।

प्रभु श्रीराम ने सदैव ही कर्मों की श्रेष्ठता को महत्व दिया है : डा संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश

रामोत्सव महापर्व पर पैतिहा के हनुमानगंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर हुआ भव्य कार्यक्रम

प्रयागराज। सोमवार को कोरांव के पैंतिहा हनुमानगंज में प्राचीन हनुमान मंदिर में एक विशाल कार्यक्रम श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र रहे। डॉ संगम मिश्र ने भगवान राम के विषय में कई प्रसंगों की विस्तार से चर्चा की। माता शबरी के प्रसंग को उठाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम ने सदैव ही कर्मों की श्रेष्ठता को महत्व दिया।उन्होंने कहा इसीलिए भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम कहते हैं। डॉ संगम मिश्र ने कहा 496 वर्ष के बाद भगवान अपने महल में विराजमान हुए हैं। पूरे यमुना पार में आज घर-घर उत्सव मनाया जा रहा है। मंदिरों को भी सजाया गया है।भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र ने अपने संबोधन में कहा की 30 जनवरी को यमुना पार क्षेत्र के जो लोग अयोध्या जाना चाहेंगे,उनके लिए आने-जाने के लिए साधन और भोजन जलपान की व्यवस्था हमारी तरफ से की जाएगी। विशाल जन समूह ने डॉ संगम मिश्र के इस महान विचार पर खड़े होकर तालियां बजाई और डॉ संगम विश्व जिंदाबाद के नारे लगाए।डॉ संगम मिश्र ने भगवान श्री राम,माता सीता एवं हनुमान जी से संबंधित कई प्रसंगों को विस्तार से लोगों को बताया। डॉ संगम मिश्र जसरा की रस्तोगी अस्पताल में आयोजित श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह में पहुंच कर श्री राम जन्मभूमि उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा। डॉ संगम मिश्र के साथ विभाग प्रचारक प्रयागराज आदित्य डॉ रस्तोगी , पूर्व सांसद नागेंद्र पटेल, जमुना पार संघ के जिला संपर्क प्रमुख मुकेश जी, एफ.सी.आई.बोर्ड के अध्यक्ष विमलेश विश्व हिंदू परिषद प्रांत संस्कृत प्रमुख शंकरदेव त्रिपाठी,एस के तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल अकादमी प्रयागराज,भोला नाथ शुक्ल दिलीप शुक्ल विजय सिंह, राजाराम चौधरी,यश विक्रम त्रिपाठी,अमरेश मिश्रा , अर्जुन तिवारी, अभिनव तिवारी , अमर बहादुर सिंह ,विजय शंकर मिश्र, रामाशंकर त्रिपाठी, श्याम लाल तिवारी, छविनाथ त्रिपाठी,आदि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राम भक्त उपस्थित रहे।इसी प्रकार से आज कोरांव टाउन एरिया के अध्यक्ष ओम केसरी जी ने डॉ संगम मिश्र का भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संगम मिश्र ने भगवान राम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।उनके वन गमन प्रसंग की चर्चा की। पुनः राज्याभिषेक का विस्तार से वर्णन किया। कोरांवन टाउन एरिया के अध्यक्ष ने डॉ संगम मिश्र का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। टाउन एरिया के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ संगम मिश्र चार किलोमीटर पैदल चलकर रामोत्सव आज इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं।मैं डॉ संगम मिश्र का कोरांव कीजनता की ओर से हदय से बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। कोराव के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उपरांत बाल कलाकारों ने निकाली शोभायात्रा

बाल कलाकारों को ब्लाक प्रमुख कौंधियारा ने किया पुरस्कृत

करछना। ग्राम पंचायत कौंधियारा में ग्रामीणों द्वारा भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में हजारो की संख्या में बाल कलाकारों से सुशोभित ऐकौनी अस्पताल हनुमान जी की मंदिर से कौंधियारा ऐकौनी कौंधियारा बाजार होते हुए कौंधियारा थाना के मंदिर तक शोभा यात्रा निकालने के उपरांत शोभा यात्रा का समापन श्री बुद्धिनाथ शुक्ल के घर के पास निर्मित प्राचीन शिव मंदिर पर सुन्दरकाण्ड ० भजन के साथ समापन कर प्रसाद वितरण किया गया, बाल कलाकारों के उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित हजारो की संख्या में भक्तगणों ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ राम मय भक्तिभाव में लीन रहे, कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में थानाध्यक्ष कौंधियारा ने अपने हमराहियों के साथ प्रमुख भूमिका निभाई शोभा यात्रा में शामिल प्रबुद्ध जनो में राज दुलार शुक्ल , मंगला प्रसाद शुक्ल लाल चंद्र शुक्ल राजकुमार शुक्ल नारायण प्रसाद शुक्ल बिन्नू अभिमन्यु सिंह नीलू श्रीवास्तव अजय कुमार शिव शंकर ओझा हरीश शुक्ल राजभान सिंह बागी गुरु गुड्डू मिश्रा जीवेश मिश्रा रामायण मिश्रा संतोष मिश्रा उदित नारायण शुक्ल रवि शुक्ल अभिमान सिंह बिनोद कुमार केशवानी कृपाशंकर शुक्ल भुजेश्वर शुक्ल हीरामणि मिश्रा बाल्मीक मिश्रा बृजेश द्विवेदी ० आसपास के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे, शोभा यात्रा की अगुवाई हेतु विकास खण्ड कौंधियारा के गेट के सामने खडें रहकर श्री इन्द्रनाथ मिश्र ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा ने शोभा यात्रा कार्यक्रम शामिल बाल कलाकारों ० ग्रामीणों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए उत्साह वर्धन किया।

एम एल पब्लिक स्कूल एंड कालेज में नेताजी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया

सिरसा। मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुवा बगहा, सिरसा स्थित एम एल पब्लिक स्कूल में आज मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती मनाई गई स्कूल की निदेशक बबिता गुप्ता बच्चो को बताया कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में ओडिशा के कटक में हुआ था। बचपन से ही वह पढ़ाई के काफी तेज थे। स्कूल के दिनों से उनका राष्ट्रवादी स्वभाव सबको नजर आता था। नेताजी के मन में देश के प्रति बहुत श्रद्धा और प्रेम था और देश की आजादी को लेकर अक्सर चिंतित रहते थे। इस दौरान अभिरंजन गुप्ता,दिव्यांशु गुप्ता,रिशु शर्मा,कमलेश शर्मा, विजय जैसल,अविनाश कनौजिया,नवदीप यादव,सविता शुक्ला,पूजा त्रिपाठी,रीना यादव,मीनाक्षी यादव,विपुल यादव ,गौरव पांडे,कुलदीप शर्मा,मनोज कुमार विश्वकर्मा,रवि केशरी,विजेंद्र राय,विपिन शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

दीप जले सुंदर भगवा से सजी दुकाने राम के रंगों में सराबोर हुआ रामनगर

सिरसा। मेजा क्षेत्र में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामनगर बाजार के गली,-गली पूरी तरह राम के रंग में रंग चुका है लगभग सभी चौक-चौराहों और गली-मोहल्ले में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। कहीं सुंदरकांड तो कहीं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। राम भक्तों शोभायात्रा भी निकाली गयी। इसी कड़ी में मेजा क्षेत्र में माँ शीतला देवी मंदिर रामनगर में विधि-विधान पूजा किया गया। सरकार द्वारा पयर्टन एवं संस्कृति विभाग यूपी तथा जिला प्रशासन प्रयागराज द्वारा रामोत्सव गायक राजनरायन पटेल टीम द्वारा सुंदरकांड, अखण्ड रामायण व माँ देवी गीत का पाठ किया गया और कलाकारों द्वारा भक्ति गीत गाया गया भक्त जयकारा लगाने लगे। इसी क्रम मे फुरसत का पूरा में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाया गया हैं। रामभक्त आयोजक भाजपा नेता शंकर लाल केशरी समाजसेवी ने कहा कि शब्दो में बयान नही की जा सकती आज की खुशी आये हुए भक्तो को प्रसाद और भोजन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इसी कड़ी में नगर पंचायत सिरसा में श्रीनाथ मंदिर से रथ यात्रा शरू होते हुए पूरे बाजार में भृमण करते हुऐ श्रीनाथ मन्दिर पर जाकर समाप्त हुआ। उपरौड़ा, चौकी, बगहा, फुरसत राम का पूरा ,पकरी , सेवार, निबैया, औता, उचडीह, लेहड़ी, उरुवा, अमिलिया कला आदि लोग कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृजेश मिश्रा भाजपा नेता, संजय केशरी मण्डल अध्यक्ष उरुवा भाजपा, विनोद विश्वकर्मा मण्डल अध्यक्ष सिरसा काशी क्षेत्र पिछड़ा मोर्चा, नीरज सिंह यादव प्रधानप्रतिनिधि रामनगर, भुख्खन यादव राजा भैया, राम मिलन गुप्ता, सुरेश सिंह पटेल भाजपा नेता ठाकुर पंडा आदि सैकड़ो के संख्या से ज्यादा राम भक्त उपस्थित रहे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में निकाला जुलूस

सिरसा। विधानसभा मेजा क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर चिरैया मोड़ (तिराहा चौराहा) पर 22 जनवरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर मे प्राण प्रतिष्ठा का समारोह का आयोजन किया गया। भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर लोगो के बीच उत्साह का माहौल बना रहा। भाजपा नेता (मण्डल उपाध्यक्ष) उरुवा राम मिलन गुप्ता के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद जुलूस निकाला गया। जिसमें भाजपा के सभी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने हाथों में भगवा झंडा लिए पूरे बाजार में भ्रमण किया। इस दौरान जय श्रीराम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक भक्तों के बीच चलता रहा। चौराहे पर बड़ी एलएडी स्किन लगाकर प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। घर-घर भगवान श्रीराम नाम के नारे लग रहे थे। मन्दिरो में घरों व दुकानों और सड़कों पर भगवा झंडे लहरा रहे हैं। लोग अपने-अपने मोहल्ले के मन्दिरो में सजावट करके विधि-विधान से पूजा करके कीर्तन, रमायण, हनुमानजी चालीसा करके प्रसाद को वितरण किया गया। गांवो व कस्बो में घर-घर भगवा झंडा लहराते दिखे और घर-घर दीपक जलाएं गए। विनोद कुमार विश्वकर्मा (मण्डल अध्यक्ष) भारतीय जनता पार्टी सिरसा काशी क्षेत्र प्रयागराज ने कहा कि भगवान राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का दिव्य क्षण हर किसी के लिए भावनात्मक क्षण हैं। हम सब इस क्षण के गवाह हैं। सिर्फ भारत वर्ष में ही नही बल्किन पूरी दुनिया मे राम मन्दिर को लेकर लोगों में हर्षोल्लास दिखा और पूरा देश भगवा दिख रहा हैं। इसी कड़ी में उचडीह, औता, निबैया, नगर पंचायत सिरसा, उपरौड़ा, उरुवा, जेरा, नीबी, सराय नाथ पट्टी, लेहड़ी, चौकी, बगहा, अमिलिया कला व पूरे क्षेत्र में भगवान श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, अन्नु सिंह, खुन्नू सिंह, सुरेश सिंह पटेल, शिव ललन गुप्ता, राहुल कुमार ,विमलेश कुमार एवं हजारों के संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बजा दो ढोल स्वागत में, मेरे प्रभु राम आए हैं

सहसों। अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्रांण प्रतिष्ठा के अवसर पर सहसों सहित आसपास के मंदिरों, घरों व मोहल्लों में सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन आदि आयोजन के पश्चात प्रसाद व भण्डारे का आयोजन किया गया। इसी तरह सहसों बाजार स्थित रामलीला मंच पर बाल संघ स्टेज प्रोग्राम कमेटी के माध्यम से आशीष केसरवानी, राजधर द्विवेदी, इं. बद्री प्रसाद, मनोज तिवारी, जयेश केसरवानी, सोहनलाल केसरवानी, रितेश केसरवानी, सूरज, नितिन तिवारी एवं अमित जायसवाल सहित आदि के सहयोग से भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रसिद्ध गायकों द्वारा "सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं तथा बजा दो ढोल स्वागत में मेरे प्रभु राम आए हैं" आदि आलौकिक भजन सुनकर देर रात तक भक्तगंण आनंदित होते हुए झूमते रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के हेतापट्टी के शिव मंदिर में चंद्रभान के संयोजन में सुंदरकांड भजन कीर्तन, बगई कला में अश्विनी प्रताप सिंह ने कीर्तन एवं सुंदरकांड का पाठ, तिवारीपुर में प्रधान बाल गोविंद तिवारी ने भजन कीर्तन एवं शोभायात्रा, सिंगरामऊ गांव में समाजसेवी लालजी द्विवेदी के संयोजन में महा आरती एवं राम नाम जप एवं भोपतपुर गांव में रामकुमार सोनी उर्फ पुट्टी लाल तथा लाल जी प्रजापति आदि के संयोजन में सुंदरकांड का पाठ व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इसी क्रम में देवनहरी गांव में प्राचीन शिव मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ एवं राम नाम कीर्तन तथा भजन का आयोजन कर भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से देवराज उपाध्याय, राकेश प्रसाद मिश्रा, पवन कुमार शुक्ला, गुलाब तिवारी, नागेंद्र प्रसाद उपाध्याय, दयाशंकर तिवारी, लक्ष्मीकांत मिश्रा सहित आदि भक्त जन भजन कीर्तन करते शामिल रहे।

न्यूज झरोखा

करछना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई गयी जयंती

करछना स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, आजाद हिंद फौज के संस्थापक, पंडित जवाहरलाल नेहरू के करीबी मित्र और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने करछना में उनकी जयंती मनाते हुए उन्हें नमन किया। नमन करने वालों में सर्व श्री जिलाअध्यक्ष श्री अरुण तिवारी, रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष डॉ.दिनेश कुमार सोनी, सदस्य पद्रेश कार्यकारणी पी सी सी जिला सचिव नागेश पाण्डेय, , सुरेश कुमार पटेल, श्याम बाबू भारतीय, संजय सिंह, रविराज सिंह एडवोकेट आशीष कुमार मिश्रआदि ने सुभाष चंद्र बोस जी को याद किया और श्रद्धांजलि दी।

मेजा के गुनईगहरपुर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

मेजा। अयोध्या में आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मेजा के ग्राम पंचायत गुनई गहरपुर में भाजपा नेता संजय तिवारी के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जय श्री राम के उद्घोष के साथ आंगनबाड़ी केंद्र से चलकर शोभायात्रा राम नवल यादव इका प्रांगण स्थित शिव मंदिर पर समाप्त हुई। तत्पश्चात सुन्दर काण्ड पाठ , आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से हिंछ लाल तिवारी , मंगला प्रसाद तिवारी , रवीन्द्र तिवारी , प्रधान पंकज राव, कमला दुबे , सुधाकर दूबे , आशीष यादव , अमरेश तिवारी, अतुल द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, सूरज शुक्ला, आदर्श पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, विपुल तिवारी, आयुष तिवारी, अवनीश यादव, सुभाष तिवारी, धीरज द्विवेदी, आदि लोग शामिल रहे।इसी क्रम में प्राचीन हनुमान मंदिर में शिक्षक बीरेंद्र यादव की टीम द्वारा सुंदरकांड पाठ का संगीतमय आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता राजू पाण्डेय, महेंद्र यादव, संजय पाठक, धर्मराज यादव, प्रेमशंकर विश्वकर्मा, शिवपूजन यादव, राजेश ठेकेदार, ठाकुर प्रसाद यादव, भोलानाथ यादव, राजबहादुर, विजय बहादुर, संजय वर्मा, महेश, अवधेश, संगमलाल, चंद्र प्रकाश, रिंकू श्रीवास्तव, रविन्द्र विश्वकर्मा, राजेश, जियालाल, पूजारी, रमाकांत, लल्लन कनौजिया, लक्ष्मण, रामलखन सहित कई भक्त मौजूद रहे।

11 कुंडीय हवन के साथ जंघई की श्रीराम कथा संपन्न

जंघई। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर जंघई प्रांगण में आयोजित 5 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक महाराज ने कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र चित्रण व जीवनी का वर्णन कर भगवान श्रीराम के जीवन के आदर्श व गुणों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक महाराज ने कथा के विविध प्रसंगों का वर्णन करते हुए रामराज्य के के बारे में बताया तथा राम के उपदेशों को आत्मसात करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

कटहरा के शिक्षक शरद यादव जिला कार्यकारिणी में चयनित

प्रतापपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय निर्वाचन में शिव इंटर कॉलेज कटहरा के शिक्षक शरद यादव को जिला कार्यकारिणी के लिए चुना गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुयोग पांडेय सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर शरद यादव का अभिनंदन किया। विद्यालय के शिक्षक रामानुज सिंह, राजीव रंजन, सत्यनारायण, नीरज गुप्ता, संतोष कुमार राय, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, लाल गीतेश्वर सिंह, सुधीर यादव, राधे मोहन, प्रभा सिंह, प्रधान लिपिक हैदर अली, राय साहब, अनिल कुमार, महेंद्र वर्मा, विनय सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

माघ मेला क्षेत्र में जन- जागरूकता शिविर का शुभारम्भ

करछना संगम माघ मेला क्षेत्र में अनिकेत स्माइल फाउंडेशन- जसरा प्रयागराज और सामाजिक विकाश सेवा समिति श्रृंगवेरपुर प्रयागराज द्वारा प्रतिदिन कैंसर जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा इसके माध्यम से मेले में आने वाले लोंगो को कैंसर जैसी भयावह बिमारी के प्रति जागरूक किया जायेगा कि कैसे कैंसर से बचा जाये साथ ही समय रहते इसका इलाज हो सके एवं इस बिमारी पर विजय प्राप्त किया जा सके।अनिकेत स्माइल फाउंडेशन का कैंसर स्क्रीनिंग व जन-जागरूकता शिविर मेले में सेक्टर-५, श्री कृष्ण मार्ग,ओल्ड जी टी मार्ग पर स्थित है यहाँ पर सभी लोग कैंसर स्क्रीनिंग,जाँच व इसके इलाज सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है।अनिकेत स्माइल फाउंडेशन के अध्यक्ष- डॉ अखिलेश द्विवेदी ने एक उद्देश्य के साथ यहाँ पर शिविर का आयोजन किया है कि प्रयाग कि पावन धरती पर धर्म- कर्म स्नान के साथ आप सबको कैंसर के प्रति जागरूक किया जा सके। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ देव कुमार यादव,सहायक आचार्य,स्वरुप रानी नेहरु हॉस्पिटल प्रयागराज ने बताया कि हम कैंसर के रोग कि पहचान के लिए स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन करेंगे इस कैंप में कोई भी आ करके जाँच व इलाज से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है।सोमवार को शिविर शुभारम्भ विधिपूर्वक भूमिपूजन के साथ किया गया।इस शिविर के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु सभी से सहयोग कि अपेक्षा की गयी।कार्यक्रम के दौरान डॉ राम सिंह (चिकित्साधिकारी, माघ मेला हॉस्पिटल),अनिल मिश्र,डॉ एकता चतुर्वेदी, बंदना यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

उत्तर प्रदेश दिवस-2024 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया जायेगा आयोजन

उत्तर प्रदेश दिवस-2024 की थीम उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश दिवस-2024 के अवसर पर मुख्य थीम ह्यह्यउत्तर प्रदेश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासतह्लह्ल के अन्तर्गत मुख्य कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24, 25 एवं 26 जनवरी, 2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से जिला पंचायत सभागार में किया गया है, जिसके तहत प्रदर्शनी, संगोष्ठी, उद्यमी सम्मेलन, विविध सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए गए है। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला विकास अधिकारी को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

मानव श्रृंखला बनाकर दिया सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता का संदेश

सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती : जिलाधिकारी ने दिलायी सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता की शपथ, यातायात नियमों का पालन करने को किया प्रेरित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयन्ती के शुभ अवसर पर सड़क सुरक्षा माह व स्वीप कार्यक्रम (मतदाता जागरूकता) के अन्तर्गत मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौराहा सिविल लाइन पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।इस मानव श्रंखला में सड़क सुरक्षा व स्वीप कार्यक्रम के समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों, एन0जी0ओ0, स्वंयसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं, विभिन्न पदाधिकारियों/कार्मिकों एवं प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।सड़क सुरक्षा माह व स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा सुभाष चौराहा, सिविल लाइन एवं सुभाष चौराहा से चारो दिशाओं को जाने वाले मार्ग यथा-सुभाष चौराहा से पत्थर गिरजा चौराहा, सुभाष चौराहा से सिविल लाइन बस अड्डा चौराहा, सुभाष चौराहा से पी0वी0आर0, रोबोट चौराहा, सुभाष चौराहा से डी0आर0एम0 आफिस जाने वाले मार्गों पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रंखला बनायी गयी। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं समस्त उपस्थित प्रतिभागियों तथा विभागीय अधिकारियों/कार्मिकों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतो/यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आयोजित इस मानव श्रृंखला के द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों का पालन स्वयं करने व अन्य लोगो को करने हेतु जागरूक किए जाने व इसके प्रचार-प्रसार के लिए कहा।जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों यथा-वाहन चलाते समय गलत दिशा में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि बिन्दुओं पर शपथ दिलायी। तत्पश्चात जिलाधिकरी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को मतदाता जागरूकता सम्बंधी भी शपथ दिलायी एवं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम लोग ह्यह्यमतदाता जागरूकताह्लह्ल की शपथ ले और आने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे जो सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिक है, उन्होंने अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वा लिया होगा। यदि किसी कारणवश अभी तक आपका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ पाया है, तो अवश्य जुड़वा लें और आने वाले आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व अन्य चुनावों में राष्ट्र की मजबूती को बढ़ाने के लिए बढ़-चढ़ कर मतदान अवश्य करें। उक्त कार्यक्रम में राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटना के गत वर्ष के आंकड़ों से अवगत कराते हुए दुर्घटना के फलस्वरूप होने वाली जन/धन हानि से सचेत किया गया तथा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उददेश्य से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटना में लगभग 1.63 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी महोदय के द्वारा सड़क सुरक्षा व भारत देश एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता सम्बंधी जो शपथ दिलायी गयी है, उसका समस्त नागरिकगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं के द्वारा उसका अक्षरशः पालन किया जायेगा। कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ फोटो खिंचवाई एवं उन्हें आटोग्राफ भी दिए। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संजीव गुप्ता-सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), राजीव चतुर्वेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), टीआई अमित कुमार, पवन कुमार, मनोज, वी0एस0 यादव के साथ-साथ विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बोट क्लब प्रबंधकारिणी समिति की हुई 26वीं बैठक चौपाटी के तर्ज पर विकसित करने पर बनी सहमति

अखंड भारत संदेश

बोट्स का रेट किया जायेगा कमा, बोटिंग के इच्छुक अब विभिन्न होटलों से भी बुक कर सकेंगे अपने टूर

प्रयागराज। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता तथा मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, जिलाधिकारी नवनीत चहल, उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण अरविंद कुमार चौहान एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में आज बोट क्लब प्रबंधकारिणी समिति की 26वीं बैठक संपन्न हुई जिसमें बोट क्लब के नवीनीकरण से संबंधित आवश्यक चर्चा की गई। बोट क्लब को पर्यटकों के दृष्टिगत और विकसित करने हेतु वहां पर मरम्मत एवं टेरेस पर ओपन एयर रेस्टोरेंट विकसित करने के साथ-साथ उसके आसपास के घाट का सौंदरीकरण भी किया जाएगा। क्लब को चौपाटी की तर्ज पर विकसित करते हुए वहां पर बच्चों के खेलने की जगह, वॉटर स्पोर्ट्स, विभिन्न हैंडीक्राफ्ट के स्टॉल्स, कल्चरल एक्टिविटी तथा ईटिंग जॉइंट्स एवं वेंडिंग जोन्स भी विकसित किए जाएंगे। बोट क्लब से सटे हुए घाट पर एक भव्य वाटर लेजर शो शुरू करने के दृष्टिगत भी चर्चा की गई तथा उससे संबंधित एक कार्य योजना तैयार करते हुए डीपीआर तैयार करने पर भी सहमति बनी। पर्यटकों को और आकर्षित करने हेतु वहां चलाई जा रही विभिन्न बोट्स का रेट कम करने तथा इन बोट्स को बुक करने के लिए होटल एसोसिएशन से सहायता लेने पर भी सहमति बनी। अब वोटिंग करने के इच्छुक लोग विभिन्न होटलों से भी अपने टूर बुक कर सकेंगे।

गृहकर बकाया-अभियान में वसूला गया 34 लाख

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज के निदेर्शानुक्रम में गृहकर वसूली के सम्बन्ध में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी द्वारा निरन्तर समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में सभी जोनल कार्यालयों में जोनल कर अधीक्षकों द्वारा अभियान में सख्ती दिखाते हुए कई बडे. बकायेदारों/भवन स्वामियों के भवन पर कुर्की की कार्यवाही नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23 जनवरी 2024 को जोनल कार्यालयों में बडे. बकायेदारों के खिलाफ सीलिंग/कुर्की की कार्यवाही के दौरान वसूली टीम द्वारा प्राप्त कुल धनराशि रू0-34,00,944.00 लाख की गृहकर वसूलयावी की गयी। समस्त जोनल कार्यालयों में आज गृहकर के बडे बकायेदारों के खिलाफ वसूली अभियान के दौरान कर निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक एवं नगर निगम प्रर्वतन दल के सदस्य कार्यवाही में शामिल रहे।

ओवर स्पीडिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

स्कूली वाहनों की फिटनेस व गाइडलाइन का पालन करवायें जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से अनुपालन प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की गयी प्रवर्तन की कार्रवाई व ओवर स्पीड़िंग रोकने के लिए क्या उपाय किए गए है, की जानकारी प्राप्त की। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा दिसम्बर माह-2023 में सड़क सुरक्षा से सम्बंधित प्रवर्तन कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं उनके द्वारा बताया गया कि आगे भी इसी प्रकार के अभियान चलाये जाते रहेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने बताया कि तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच पुलिस, परिवहन व पीडब्लूडी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा की जायेगी। यह भी बताया गया कि निरंतर नाबालिग रिक्सा चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान ठीक ढंग से करने के साथ ओवर स्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने डिवाइडर पर पेंट व रिफ्लेक्टर लगाये जाने व टूटे हुए डिवाईडरों की मरम्मत कराये जाने के लिए कहा है।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने विगत बैठक में लोगो के द्वारा अपनी सुविधानुसार तोड़े गए डिवाईडरों को बंद कराने जाने के लिए दिए गए निर्देश के अनुपालन में कृतकार्यवाही की जानकारी प्राप्त की, जिसपर बताया गया कि नॉजरेथ हॉस्पिटल, बिग बाजार के सामने, पत्थर गिरजाघर के पास के पास बनाये गये अवैध कटों को बंद करा दिया गया है। यह भी अवगत कराया गया कि कंटोण्मेंट बोर्ड द्वारा बनाये गये कमर तोडू ब्रेकर को हटा दिया गया है एवं प्रयागराज-प्रतापगढ़ राष्ट्रीय मार्ग पर फाफामऊ से तेलियरगंज तक रोड मार्किंग एवं कैट आई का कार्य करा दिया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सड़क पर बनाये जाने वाले रम्बल स्ट्रिप को निर्धारित मानक के अनुरूप ही बनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से विद्यालयों में स्कूली वाहनों की फिटनेस व गाइडलाइन का पालन करवायें जाने के लिए कहा है। बैठक में टीआई अमित कुमार के द्वारा एक्स, वाई, टी, जंक्शन प्वाइंटों पर वार्निंग रम्बल स्ट्रीप लगाये जाने व शहर में सड़कों के किनारे निमार्णाधीन प्रोजेक्टों को इस प्रकार बनाया जाये कि जिससे कि टैजफिक जाम की समस्या न उत्पन्न हो, का सुझाव दिया गया। टेम्पो-टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष श्री विनोद चन्द्र दुबे ने पत्रिका मार्ग पर कट की समस्या एवं कचहरी रोड पर जाम की समस्या से निजात दिलाये जाने के उपायों के बारे में सुझाव दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो को कोहरे के दृष्टिगत विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा है। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुश्री अल्का शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह, डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी, पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता व अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा महामंत्री रमाकांत रावत, संगठन मंत्री शिवम रावत व अन्य लोग उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने सुनी फरियाद

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा दिनांक 23 जनवरी 2024 को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया, साथ ही शिकायतो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय।ह्यसम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रत्न प्रिया, अरविन्द राय अरूण कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, मुख्य अभियन्ता विद्युत/यॉत्रिक संजय कुमार कटियार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक सिंह, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, अधिशषी अभियन्ता राधा कृष्ण लाल, अधिशासी अभियन्ता नजमी मुज्फ्फर, तथा कर अधीक्षक आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाइक से आए दबंग ने युवक को धारदार हथियार से किया जख्मी, हालत गंभीर

मऊआइमा। गोमटी के पास खडे यूवक को बाइक सवार युवक आ कर पैर में टक्कर मार दी। विरोध पर धारदार हथियार से मुह पर मार कर लहुलुहान कर दिये। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था जहां डाक्टरों ने शहर रेफर कर दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी शाहिल कुमार सरोज पुत्र विनोद कुमार गांव की एक गोमटी पर खडा था। आरोप है कि गांव का अमन कुमार बाइक से आ कर पैर में टक्कर मार कर गिरा दिया। आरोप है कि बोलने पर धारदार हथियार से हमला कर ओंढ पर प्रहार कर लहुलुहान कर दिया गया। मऊआइमा पुलिस ने अमन कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जख्मी शाहिल कुमार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था जहां डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

नन्हे मुन्ने कैसे जायेंगे स्कूल !

नश्तर चुभो रही शीत लहर में भी खुले हैं परिषदीय विद्यालय

अखंड भारत संदेश



प्रयागराज। मौसम विभाग द्वारा लगातार अलर्ट भी जारी किया जा रहा है, और इस समय घना कोहरा भीषण ठंढ और शीत लहर चल रही है,घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है,, ओस के रूप में छोटी छोटी बूंदे गिर रही है, फिर भी परिषदीय विद्यालयों को खोला गया है। जबकि आज सुबह तापमान 5 डिग्री सेल्सियस है।बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है मौसम विभाग द्वारा अलर्ट घोषित करने पर भी ऐसे स्थिति में भी नंन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विद्यालय खोल दिया गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ धनूपुर के अध्यक्ष अफरोज अहमद ने जिलाधिकारी प्रयागराज और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज से अनुरोध है कि बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत भीषण ठंढ और शीत लहर के चलते विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित करने की मांग की है।

संगमनगरी में हुआ चमत्कार... हार्ट अटैक से बेसुध हुए 60 वर्षीय उमेश, राम किट से बची जान

प्रयागराज । कहते हैं कि भगवान को अगर सच्चे दिल से याद किया जाए तो वह भक्त की रक्षा के लिए जरूर आते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ म्योराबाद निवासी 60 वर्षीय उमेश के साथ। रविवार शाम उन्हें दिल का दौरा पड़ा। वह सुधबुध खोने लगे। लेकिन इसे चमत्कार ही कहेंगे कि कुछ दिन पहले उन्हें मिली राम किट उनके पास थी। उन्होंने किट में मौजूद दवाओं को खा लिया। उन्हें अस्पताल ले जाने का मौका मिल गया। इससे उनकी जान बच गई। म्योराबाद निवासी उमेश पेशे से ड्राइवर हैं। हाल ही में छावनी अस्पताल की तरफ से उन्हें राम किट प्राप्त हुई थी। इसे वह अपने पर्स में रखे हुए थे। रविवार शाम उन्हें अचानक से सीने में दर्द उठा। बेहोशी छाने लगी। उन्होंने तुरंत राम किट में लिखे दिशा-निर्देश को पढ़ा। इसके बाद किट में रखीं तीनों दवाएं खा लीं। हालत देख राहगीरों ने उन्हें बेली अस्पताल पहुंचाया। वहां हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। चिकित्सकों ने कुछ दवाएं देकर इन्हें छावनी सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया।अस्पताल में जब जांच की गई तो उनकी बीपी 60-40 और पल्स 22 थी। चिकित्सकों का कहना है कि उमेश की जान भगवान राम ने ही बचाई है। हार्ट अटैक पड़ा था। अब वह खतरे से बाहर हैं। उनकी पत्नी आशा देवी बताती हैं कि रास्ते भर वह राम-राम जपते रहे। मैं तो यही कहूंगी कि मेरे पति की जान भगवान राम ने ही बचाई है। उमेश को दिल का दौरा पड़ा था। जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तो हालत काफी नाजुक थी। अगर वह राम किट की दवा न खाए होते तो बचा पाना मुश्किल था। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्हें तो भगवान राम ने ही बचाया है।ज्ञातव्य है कि कैंटोनमेंट बोर्ड के छावनी सामान्य अस्पताल ने हृदय रोगियों के लिए घर-घर राम किट बांटी थी। इसमें एस्प्रिन (खून पतला करने की), रोसुवासटेटिन (कोलेस्ट्राल घटाने) व सोर्विट्रेट (हार्ट के फंक्शन को बढ़ाने) मौजूद है। अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में इसे राम किट नाम दिया गया था।

कार्यालय ग्रा. पं. वि. अधि. ग्रा. पंचायत महोरी रीवा , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक :23.01.2024

मनरेगा/एस0एल0डब्लू / एफ0एफ0सी0 / पंचम वित्त / पन्द्रहवां वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **महोरी रीवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राक्लन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुँचा कर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेण्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 02 प्रति दिनांक 24.01.2024 से दिनांक 07.02.2024 को अपराहन 03:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेण्डर /कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता अपना कोटेशन/टेण्डर उकत तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है तथा टेण्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेण्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर/कोटेशन फाम्र कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 08.02.2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहन तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर जिस – जिस सामग्री की आवश्यकता हे उसका विवरण कार्यालय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी0एस0टी0 का भुगतान किया जायेगा जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी0एस0टी0 जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूपसेजमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतन पर भी उक्त नियम एवं शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य में उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूति की अवधि
1.	धनीलाल के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य	4.00 लाख	1 माह
2.	काली रोड से शारदा प्रसाद पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	4.00 लाख	1 माह
3.	इण्टरलाकिंग रोड से अमरजीत पाल के घर तक खेत के बगल आर0सी0सी0 दीवार और खडंजा निर्माण कार्य	1.30 लाख	1 माह

राजकुमार पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महोरी रीवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

इन्द्र बहादुर यादव
सचिव
ग्राम पंचायत महोरी रीवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

प्रयागराज के सौंदर्यीकरण को लेकर मेला अधिकारी कुंभ मेला ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

महाकुंभ में टूर गाइड, नाविक, स्वयंसेवकों, कुंभ सेवा मित्र तथा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की क्षमता वृद्धि करने हेतु प्रसिद्ध संस्थाओं को एक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने के लिए लिखा गया है

इससे कुंभ मेले से जुड़ी चुनौतियों की पहले से ही पहचान की जाएगी तथा उसके अनुकूल आंन फील्ड कार्यकताओं की क्षमता वृद्धि के लिए एक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज के सौंदर्यीकरण के संबंध में आज मेला अधिकारी कुंभ मेला श्री विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में बैठक संपन्न हुई जिसमें महाकुंभ मेले के दौरान तीर्थयात्रियों के अनुभव को और भव्य बनाने के दृष्टिगत प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयोग पर भी चर्चा की गई।

आगामी महाकुंभ में टूर गाइड, नाविक, स्वयंसेवकों, कुंभ सेवा मित्र तथा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की क्षमता वृद्धि करने हेतु प्रयागराज मेला प्राधिकरण एक विशेष कदम उठाने जा रहा है। प्राधिकरण ने देश के कई प्रमुख एवं प्रसिद्ध संस्थाओं को एक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने के लिए लिखा है जिसके अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित और उन्नत तीर्थयात्री अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कुंभ मेले से जुड़ी चुनौतियों की पहले से ही पहचान की जाएगी तथा उसके अनुकूल आंन फील्ड कार्यकताओं की क्षमता वृद्धि के लिए एक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। यह एक सहयोगात्मक प्रयास होगा जो सभी आंन फील्ड वर्कर्स को और सशक्त बनाने में सहयोग करेगा। इस कार्य हेतु प्राधिकरण ने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज मुंबई, आईआईएचएम, ट्रिपल आईटी, प्रयागराज, जीबी पंत इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इतिहास संस्थाओं को पत्र लिखा है। कुछ संस्थाओं द्वारा इस पर प्रस्ताव आए हैं। बेस्ट प्रस्ताव को शीघ्र अनुमोदन मिलेगा।बैठक में प्रयागराज जनपद में वायु प्रदूषण काम करने के दृष्टिगत उसके सोर्सेस को बेहतर तरीके से समझने तथा उसे रोकने हेतु आवश्यकता अनुसार उचित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। वायु प्रदूषण पर काम कर रहे एक्सपर्ट्स द्वारा यह बताए जाने पर की कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट जो कि मलबे के रूप में सड़क किनारे पड़ा रहता है प्रदूषण के बढ़ने का बहुत बड़ा कारण है, मेला अधिकारी ने नगर निगम, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों से अपनी अपनी रोड पर पड़े मलबे का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों के अंतर्गत नए एवं पुराने जंक्शंस के सौंदरीकरण, लैंडस्कैपिंग एवं ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट, वॉल म्युरल्स एवं पेंट माय सिटी, साइनेज, स्ट्रीट लाइटिंग के कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। मेला अधिकारी ने तिकुनिया पार्क, फाफामऊ ब्रिज के आसपास के क्षेत्र पर अनिवार्य रूप से ग्रीन बेल्ट डेवलपमेंट करने पर जोर दिया।

सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से करें पालन : डीएम

संत एंथोनी इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में जनपद स्तरीय मानव श्रृंखला, सड़क सुरक्षा शपथ, मतदाता शपथ के संबंध में एक भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा रहे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हमें सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को ईमानदारी के साथ पालन करना चाहिए। हमेशा सीट बेल्ट हेलमेट और सड़क पर बने यातायात के निशानों का का पालन करना चाहिए हम इस तरह से वाहन चलाएं की हम अपने आप को सुरक्षित रखें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिलाधिकारी संजीव रंजन

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि हमें सड़क सुरक्षा के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक रहना है। हम तेज गति से बाहर ना चलाएं। अभिभावक कम उम्र के बच्चों को वहां ना दें बिना लाइसेंस के हम गाड़ी ना चलाएं। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई तथा जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ सरदार सिंह, एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह एवं एआरटीओ प्रवर्तन डॉ दिलीप गुप्ता रहे। साथ ही फादर आनंद कुमार जान, डॉ विंध्याचल सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, डॉ मोहम्मद अनीस, उमर जमील, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह आदि रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मोहम्मद अनीस एवं जान कुजूर द्वारा किया गया।

मनायी गयी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित संस्कृत परिषद के कार्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने नेताजी सुभाषचंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि भारत रत्न नेताजी सुभाषचंद्र बोस राष्ट्र के नवनिर्माण में सदैव युवा क्रांति की विचारधारा को प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत परिषद के अध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र व संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष केके सरोज, चंद्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, संदीप ओझा, सुमित त्रिपाठी, अशोक शुक्ल, शिवकुमार शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह आदि रहे।

न्यूज झरोखा

प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु

लालगंज, प्रतापगढ़। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर सोमवार की देर शाम रामपुर बावली चैराहे पर हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। वही कार्यक्रम स्थल पर श्रीराम नाम संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया। भण्डारे का संयोजन प्रधान कमल सिंह व व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजू सिंह तथा समाजसेवी विनोद दुबे ने किया। महाप्रसाद वितरण में सोनू मिश्र, सचिन मिश्र, दिवाकर दुबे, गप्पू दुबे, सुनील त्रिपाठी, सोनू सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, रामफेर मिश्र, सरकार मिश्र, दिनेश कश्यप, ददन मिश्र का सराहनीय योगदान दिखा। इधर लालगंज नगर के दीवानी वार्ड के शांती नगर में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर बाबा बैजनाथ धाम मन्दिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई। संस्कृत विद्वानों वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य मन्दिर की स्थापना पर विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा का दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद यहां हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर रात तक महाप्रसाद ग्रहण किया। स्थापना को लेकर सुन्दरकाण्ड में भी श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभायी। कार्यक्रम के संयोजक पं. प्रभाकर ओझा तथा सभासद संध्या शुक्ला ने आचार्यो का श्रीअभिषेक किया। कार्यक्रम का संचालन सोनू शुक्ला ने कियां। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधानाचार्य नरेन्द्र नारायण तिवारी, इं. सुनील पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे।

छात्रा के अपहरण को लेकर केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के ढ़िगवस गणेश का पुरवा निवासी अशोक यादव पुत्र वासुदेव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्नीस जनवरी को उसकी चैदह वर्षीया पुत्री काजल विद्यालय पढ़ने गयी थी। देर रात तक छात्रा जब घर वापस नही आयी तो परिजन परेशान हो उठे। छात्रा के पिता ने दी गई तहरीर में आशंका जतायी है कि थाना जेठवारा के पुंदा का पुरवा निवासी अमित पटेल उसकी पुत्री को अपहृत कर ले गया है। पीडित ने पुत्री के साथ अप्रिय वारदात की आशंका भी जतायी है।

तमंचे के साथ धराया आरोपी

लालगंज, प्रतापगढ़। मंगलवार को लीलापुर थाना क्षेत्रान्तर्गत गश्त के दौरान उप निरीक्षक सुनील यादव के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को तमंचे सहित धर दबोचने में सफलता मिली है। पुलिस ने रमाशंकर तिवारी पुत्र रामलाल तिवारी निवासी पूरे भट्टाचार्य बीजूमऊ थाना लालगंज को लीलापुर सचिवालय के पास से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के पास से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। मामले में एसओ नीरज यादव ने बताया कि आरोपी युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद न्यायालय भेज दिया।

कंपोजिट विद्यालय में चोरी

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के भागीरथपुर डांड़ी कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने हजारो के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार की सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो एक कमरे का दरवाजा खुला पाया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार तिवारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय के एक कमरे का दरवाजा तोड़कर उसमें रखा स्टेपलाइजर, कुर्सी, चटाई आदि उठा ले गए। पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वांछित धराया

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे भोजई पूरे भगवत गांव निवासिनी मृतक नीतू पाल शनिवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। घटना को लेकर मृतक की मां उर्मिला देवी के तहरीर पर आरोपी शशि उपाध्याय पुत्र श्यामलाल उपाध्याय के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए फोन पर मृतका को उकसाने का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस मंगलवार सुबह लगभग साढे दस बजे मुखबिर के सूचना पर अठेहा कुम्हिआईमा रोड नहर पुलिया गैस एजेंसी के पास गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

पटाखों व भण्डारों की गंदगी को रात भर साफ करने में जुटे रहे सफाई कर्मी

डीएम, एडीएम व नगर पालिकाध्यक्ष के निर्देशों के बाद जुटे सफाई कर्मी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अयोध्या में सोमवार को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में लगभग सौ स्थानों पर हुए भण्डारे और जगह-जगह हुए पटाखों की गूंज से फैली गंदगी को साफ करने के लिये रात भर सफाई कर्मी जुटे रहे।

बताया जाता है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद जगह-जगह पटाखा दगने और भण्डारा होने से पूरे शहर में गंदगी का अम्बार देर रात तक लग गया था। इस पर जिलाधिकारी संजीव रंजन, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा के निर्देशों व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के कड़ी हिदायत के बाद नगर पालिका के 35 कर्मचारी, 6 मैजिक, 2 ट्रैक्टर, एक डम्पर लेकर रात भर सफाई अभियान में जुटे रहे, जिसका नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील ने भी समय-समय पर निरीक्षण किया। इसके अलावा नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह भी रात भर सफाई का जायजा लेने में जुटे रहे। इस बारे में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिये रात में अलग से सफाई अभियान चलाया गया।

गंदगी को साफ करते नगर पालिका के सफाई कर्मचारी

दोपहर तक भयंकर कोहरा, अपरान्ह में निकली अच्छी धूप

22 दिन बाद खुले स्कूलों में बच्चों की संख्या रही कम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दो दिनों तक लगातार धूप निकलने से उत्साहित छोटे बच्चों को आज सुबह दिक्कत झेलना पड़ा, जब 22 दिनों बाद खुले प्राइमरी के छात्रों को सुबह स्कूल आने में भयंकर कोहरा व ठंड का सामना करना पड़ा।

इस भयंकर कोहरे व ठंड को देखते हुए कुछ स्कूलों में तो निर्धारित समय से पहले छुट्टी कर दी लेकिन दोपहर 12 बजे कोहरा छटा और लगभग एक बजे अच्छी धूप निकली तो छात्र-छात्राओं व आम नागरिकों को राहत हुई। स्कूलों में वैसे भी आज कोहरे के कारण कम बच्चे आए लेकिन कई स्कूल संचालकों ने दिन में 10 बजे से दो बजे या ढाई बजे तक स्कूल कर दिया है जिससे छात्र-छात्राओं को कोहरे व ठंड का सामना न करना पडे.। अच्छी धूप निकलने से ठंड भी कन्ट्रोल में है लेकिन सुबह-शाम गलन हो रही है। कई स्कूल संचालकों का कहना है कि इस बार लगातार स्कूल बंद होने से गणतंत्र दिवस की तैयारी नहीं हो पा रही है। इससे स्कूलों में बच्चों के अच्छे कार्यक्रम प्रभावित होंगे। इसके अलावा जनवरी माह बीतने को है, केवल फरवरी बचा है। मार्च में प्रायः हर स्कूलों में परीक्षा होती है। परीक्षा के पहले प्रायः स्कूलों में वार्षिक समारोह भी होते हैं जिसकी तैयारी भी की जाती है इसलिये पढ़ाई का समय बहुत कम बचा है। बच्चे भी तीन हफ्ते से घर में रहते-रहते ऊब गये थे। वह चाहते हैं कि अब लगातार स्कूल खुले और उनकी पढ़ाई सुचारु रुप से चले।

राहुल गांधी पर रिपोर्ट दर्ज होने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अम्बेडकर चैराहे पर किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निदेर्शानुसार जिला एवम शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा शर्मा के विरोध में नारेबाजी करते हुए अम्बेडकर चैराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव/सह प्रभारी प्रतापगढ़ करमचंद्र बिंद ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम राज्य में चल रही है, पिछले चार दिनों में पहले युवा कांग्रेस की गाड़ियों पर बीजेपी कार्यकताओं द्वारा हमले किये गए और फिर हमारे नेता राहुल गांधी पर बीजेपी/आरएसएस कार्यकताओं द्वारा हमला किया गया और कल जब राहुल गांधी शिव मंदिर में दर्शन/पूजन के लिए जा रहे थे तो उन्हें वहां जाने से रोका गया, उसके बाद आज गोहाटी में यात्रा को रोका गया और जानकारी हुई है कि असम मुख्यमंत्री के आदेश पर राहुल गांधी के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया गया है, जो कि निन्दनीय है। जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी ने बताया कि आज देश/प्रदेश के सभी जनपदों में धरना प्रदर्शन कर विरोध व्यक्त किया जा रहा है हम इस जुल्मी सरकार के विरुद्ध आवाज उठाते रहेंगे। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कल राहुल गांधी को मन्दिर में दर्शन, पूजन करने से रोका गया, आज यूनिवर्सिटी में छात्रों से मिलने के लिए रोका गया, आखिर असम के मुख्यमंत्री चाहते क्या हैं? धरना प्रर्दशन में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के. सिंह, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, उपाध्यक्ष सलीम उल्ला राइन, कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी उर्फ गल्ली तिवारी, नगर प्रभारी संजय इस्तियाक, अभय किशोर त्रिपाठी, मो दिलशाद, सुधीर तिवारी, मो. असलम, मोहम्मद जमाल, सूचना विभाग के जिलाध्यक्ष शिवम मिश्रा, राम धन यादव, मो0 शमा, अनिल मौर्या सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

मुकदमा दर्ज होने के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी

स्वास्थ्य शिविर में चालीस नेत्र रोगियों का होगा मोतियाबिंद आपरेशन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से स्थानीय ब्लाक परिसर में मंगलवार को विशेष नेत्र चिकित्सा शिविर के साथ वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक सौ सत्तावन रोगियों का नेत्र परीक्षण हुआ। इनमें से चालीस रोगियों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

नेत्र शिविर व स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे मरीजो को संस्थान की ओर से चिकित्सीय परामर्श के तहत निशुल्क दवाएं भी प्रदान की गयी। शिविर का शुभारंभ विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। मुन्शीगंज अमेठी स्थित इन्दिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के डा. सत्यप्रकाश मेहता की अगुवाई में आयी चिकित्सा टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम में शामिल उमाशंकर मिश्र, अमरनाथ यादव, नीलम मौर्या, पूनम यादव, शालिनी सिंह, अंकिता यादव, आभा मौर्या, प्रीती पाल ने नेत्र विकार से जुडी सावधानियों को लेकर मरीजों को जागरूकता भी दी। वहीं स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, बुखार, सर्दी खांसी आदि से प्रभावित मरीजों के स्वास्थ्य को जांचा परखा। वहीं सरयू समाज कल्याण संस्थान की ओर से वृद्धा तथा विधवा व दिव्यांग पेंशन के भी पटल पर जरूरतमंदों की भीड़ उमड़ी दिखी। वृद्धा व विधवा तथा दिव्यांग पेंशन के लिए समाज कल्याण विभाग की टीम के साथ संस्थान के स्वयंसेवकों को भी लाभार्थियो का आवेदन पत्र पूर्ण कराए जाने में तल्लीन देखा गया। शिविर में खण्ड विकास अधिकारी इंदु प्रकाश श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने भी कल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारियां प्रदान की। शिविर का संचालन आशीष उपाध्याय ने किया। शिविर में प्रधान उधम सिंह, प्रधान विमलेश सिंह, प्रधान विद्युत मिश्र, उमेश प्रताप सिंह, नन्हें यादव, छोटे लाल सरोज, सिंटू मिश्र, शिवम श्रीवास्तव, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा का भी सराहनीय योगदान दिखा। शिविर में मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों को आपरेशन के लिए इन्दिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय तक पहुंचाने व वापसी के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा ने संसाधनों के प्रबन्ध का भी भरोसा दिलाया। विधायक मोना की ओर से इन सुविधाओं की जानकारी मिलने पर शिविर में मौजूद रोगियों के साथ विभिन्न गांवों से आये उनके तीमारदारों में भी खुशी देखी गयी। स्वास्थ्य तथा निराश्रित विधवा, विधवा व दिव्यांग कल्याणकारी शिविर में ब्लाक परिसर में संस्थान की ओर से जगह जगह अलाव की भी व्यवस्था मरीजों व तीमारदारों को राहत की अनुभूति कराती देखी गयी।

मारपीट की घटनाओं में आठ के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के विक्रमपट्टी गांव की गीता यादव पत्नी श्रीनाथ यादव ने क्षेत्राधिकारी रामसूरत सोनकर को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह बीमार रहती है। पीडिता के मुताबिक चैबीस जनवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे गांव के ही जयप्रकाश यादव पुत्र राम आशीष यादव ट्रैक्टर पर पैरा लादकर उसके घर के सामने से लेकर जा रहे थे जिसका उसने विरोध किया तो आरोपित ने परिवार के सत्यम व रेखा के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की तथा घर में घुसकर उसे मारा पीटा और जाते समय जान से मार डालने की धमकी दी । घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं पर देवली गांव के सुखलाल जायसवाल पुत्र स्व. गंगा प्रसाद जायसवाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने घर पर किराना व अंडा की दुकान खोल रखी है। पीडिता के मुताबिक उन्नीस जनवरी को शाम करीब सात बजे गांव के अशोक, रोहित, धर्मेन्द्र, मनोज व मोहित उसकी दुकान पर आए और अंडा खाए। आरोप है कि पैसा मांगने पर आरोपितों ने उसके साथ गाली-गलौज की और उसके बेटे रवि व उसे मारापीटा जिससे उसे चोटें आई हैं। इसके अलांवा आरोपितों ने उसके दुकान में रखे सामान के साथ तोड़फोड़ भी की है। मामले में एसओ नीरज यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के वीरसिंहपुर निवासी रामभजन के पुत्र शंकर लाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्कीस जनवरी को गांव के महेन्द्र सिंह के पुत्र पंकज सिंह तथा शिव बहादुर सिंह के पुत्र गब्बर सिंह व हरेन्द्र सिंह जमीनी विवाद को लेकर उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीडित को लाठी डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर गांव के लोग दौडे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

सद्भावना दिवस समारोह के रूप में मना स्व. श्री हर्ष पाण्डेय का 27वां स्मृति-दिवस

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 8 विभूतियों का हुआ सारस्वत अभिनन्दन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक, प्रखर वक्ता, अदालती पंचायत के सरपंच एवं समाजसेवी स्व. पंडित श्रीहर्ष पाण्डेय के 27वें पुण्य स्मृति दिवस पर, सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

शहर के अजीत नगर में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ. बृजभानु सिंह एवं अति विशिष्ट अतिथि जूनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित शुक्ल रहे। अध्यक्षता एमडीपीजी कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र व संचालन साहित्यकार अनूप अनुपम ने किया। उद्घाटन अतिथि के रूप में प्रेस क्लब प्रतापगढ़ के अध्यक्ष आदित्य मिश्र व समापन अतिथि के रूप में धमार्चार्य अनिरुद्ध रामानुजदास जी मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक व राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के प्रबंधक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने आए हुए सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर, व माल्यार्पण कर स्वागत किया। उपस्थित वक्ताओं ने स्व. पंडित श्रीहर्ष पाण्डेय जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को जुबाए के पूर्व अध्यक्ष देव नारायण शुक्ल, वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डेय, राधेकृष्ण त्रिपाठी, इं. विशाल नाथ तिवारी, डॉ. गौरव त्रिपाठी, पं. विधिदेव शुक्ल, इं. चंद्रकांत त्रिपाठी, काशी नारायण मिश्र, सुनील प्रभाकर, गंगा प्रसाद पाण्डेय भावुक, डॉ. संगम लाल त्रिपाठी भँवर, पूर्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. दयाराम मौर्य रत्न आदि ने सम्बोधित किया। अतिथियों ने पत्रकारिता के क्षेत्र से गिरजेश तिवारी, विधि एवं न्याय के क्षेत्र से आनन्द कुमार पाण्डेय एडवोकेट व संतोष सिंह एडवोकेट महामंत्री जुबाए, शिक्षा के क्षेत्र से काशी नारायण मिश्र, समाजसेवा के क्षेत्र से डॉ. शुचिता पाण्डेय, साहित्य के क्षेत्र से मीरा त्रिपाठी, प्रीति अनिल पाण्डेय व शीतला प्रसाद सुजान को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान स्व. श्रीहर्ष पाण्डेय समाजसेवा संस्थान द्वारा कम्बल वितरण भी किया गया। समारोह में एडवोकेट दिलीप शुक्ल, धमार्चार्य विनय प्रिय त्रिपाठी मधुकर महाराज, रूलर्स बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, सभासद अनिल सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ. अमित पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्मृति दिवस समारोह में मौजूद अतिथिगण

जिलाधिकारी ने यातायात नियमों का अनुपालन करने के लिए आमजन को दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ

डायट मैदान से ओसा चौराहा तक बनायी गई सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए डायट मैदान में आयोजित सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण सहित आमजन-मानस को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ-दो पहिया वाहन चलाते समय बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगें व पीछे बैठे व्यक्ति को भी अवश्य पहनायेंगें, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगायेंगे, लेन ड्राइविंग के नियमां का पलन करें, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे, गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे, शराब पीकर या नशें की हालत में वाहन नहीं चलायेंगे, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे तथा अपने परिजनों को पालन करने के लिए प्रेरित करेंगेह्व दिलायी गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा डायट मैदान से मंझनपुर चौराहा होते हुए ओसा चौराहा तक बनायी गई सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला में प्रतिभाग कर अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री अरूण कुमार गोंड, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अशोक वर्मा, उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, सीओ मंझनपुर अभिषेक सिंह एवं एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार उप जिलाधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी तहसीलों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी विकास खण्डों में सड़क सुरक्षा मानव श्रृखला तथा सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम को आयोजित कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से खुश होकर इलाज और जांच में 22 प्रतिशत की छूट

बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी ने की अनोखी पहल

भरवारी कौशाम्बी। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से खुशी होकर भरवारी के हड्डी रोग विषेशज्ञ एवम स्व चिकित्सक कमलेश केसरवानी के चिकित्सक पुत्र मयंक केसरवानी ने अयोध्या मे राम लला के विराजमान होने की खुशी में दीनाक 22 जनवरी से सभी रोगो से ग्राषित सभी लोगो के लिए 22 प्रतिशत की छूट देने का अपने बृजेश मेमोरियल अस्पताल एवम ट्रामा सेंटर के अनुभवी डॉक्टर मयंक ने अपने सभी कर्मचारियों को आदेश दिया है प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या मे राम लला की मूर्ति को विराजमान कर कीर्ति स्थापित किए हैं ऐसे में मैं भी अपने जनपाद कौशांबी वासियों के लिए सभी मर्ज जैसे जोड़ो का दर्द गठिया महिला रोग बाल्य रोग शुगर ब्लैड प्रेशर थायराइड कैंसर त्याचा रोग एवम हृदय रोग आदि में दिनक 22 जनवरी से सभी को 22 प्रतिशत की छूट दी जाएगी उक्त आशय की जानकारी बृजेश मेमोरियल के प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने दी है।

सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की हुई मौत

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चपरी आम के पास रविवार को बाइक सवार ससुर दामाद सड़क हादसे में घायल हो गए थे इलाज के लिए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह ससुर की मौत हो गई है मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम से जैसे ही वापस शव घर पहुंच परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक ओसा गांव के रहने वाले हरिओम गुप्ता पुत्र मेवा लाल अपने दामाद कुलदीप गुप्ता पुत्र राम बहोरी निवासी अंदावा के साथ रविवार की दोपहर ओसा चौराहा से वापस बाइक से घर जा रहे थे चपरी आम के पास लग्जरी कार ने ससुर दामाद को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे इलाज के लिए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया प्रयागराज के एक अस्पताल में मंगलवार की सुबह ससुर हरि ओम की मौत हो गई है।

आजादी की लड़ाई के महानायक थे सुभाष चंद्र बोस : प्रेमचंद्र केसरवानी

सकिपा ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में आज 23 जनवरी को सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माला पहनाया और सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी ने कहा सुभाष चंद्र बोस आजादी के महानायक थे। उन्होंने देश के लिए आजीवन संघर्ष किया। इसी तरह मनौरी कस्बे में पार्टी नेता मनोज सोनी ने भी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस अवसर पर मनोज सोनी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी। इस मौके पर परिहार सिंह, अर्जुन सिंह, अनिल गौतम, राजू, दिलीप आदि मौजूद रहे।

बड़ी धूमधाम से मनाया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन

हर्रायपुर कौशाम्बी। एन डी कन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज में आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया' विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि यह आजादी के ऐसे महानायक थे जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की तथा अंग्रेजों को मार भगाने का काम किया ' इन्होंने नारा दिया था जय हिंद ,दिल्ली चलो, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा 'इस मौके पर रामनरेश यादव ,सुनील सिंह ,अभिषेक कुमार , आई बी सर ,राधा रानी ,सरोज अग्रवाल ,दीपिका कुमारी ,शिवानी यादव ,आकांक्षा पाल, ज्योति, नंदिता पाल,ममता,मनीषा विश्वकर्मा, अनिल कुमार ,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। भरवारी स्थित एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में नेता सुभाष चंद्र बोस के जन्मोत्सव को याद करने के लिए पराक्रम दिवस का समारोह मनाया। इस मौके पर, हमारे विद्यालय ने विभिन्न कार्यक्रमों से नेता जी की महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया इस समारोह में, सबसे पहले विद्यालय के प्रबंधक पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने एक समारोहिक प्रस्ताव दिया, जिसमें उन्होंने नेता सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनके देशभक्ति पर जोर दिया। श्री गुप्ता जी ने अपने संदेश में कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था और अनेक प्रकार के संघर्षों के बाद भी कभी भी अंग्रेजी हुकूमत के सामने झुके नहीं सुभाष चंद्र बोस सच्चे अर्थों में भारत माता के वीर सपूत थे और महान देशभक्त थे विद्यालय के छात्रों ने भी उनके जीवन से जुड़ी कुछ रोचक कहानियाँ और घटनाएं सुनाई।इसके बाद, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने नेता जी के पराक्रम को याद करने के लिए एक संगोष्ठी किया। समारोह के एक महत्वपूर्ण हिस्से में, विद्यालय ने एक पुष्प अर्पण और माल्यार्पण का आयोजन किया। इस आयोजन में, शिक्षकों ने नेता सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर के सामने पुष्प अर्पित किया और फूल चढ़ाया। इस पवित्र क्रिया से नेता जी की महक और उनकी वीरगाथा को याद किया गया।यह उत्सव एक ऐसे महत्वपूर्ण अवसर था जिसमें विद्यालय के छात्रों ने नेता सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को समझाया और उनके पराक्रमों का गौरव महसूस किया। इसके माध्यम से उन्हें देशभक्ति और समर्पण की भावना का एहसास हुआ। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक महान क्रांतिकारी नेता थे उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का राष्ट्रीय नारा जय हिंद था और उन्होंने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और यही नारा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में मील का पत्थर साबित हुआ.इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह, डॉक्टर सचिन त्रिपाठी, अंबुज श्रीवास्तव, सुधांशु विश्वकर्मा ,राजेश श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता ,शिवम त्रिपाठी, गायत्री चावला, सुमन कुशवाहा, रूपल मिश्रा, उर्वशी गुप्ता ,सृष्टि सिंह, नारायण प्रज्ञा शर्मा आंचल वर्मा रुखसार खान मयंक जायसवाल रणजीत सिंह, सौमित्र, राजेश श्रीवास्तव आदि शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 05 फरवरी तक करें आवेदन

कौशाम्बी। प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रयागराज(कोराव) में अटल आवासीय विद्यालय में, जनपद कौशाम्बी के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं कोविड-19 के दौरान निराश्रित हुए बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा-06 के लिए उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक व 70 बालिका) तथा कक्षा-09 के लिए उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक व 70 बालिका पर अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी सीडीओ ने देते हुए बताया कि अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज की विशेषतायें यथा-13.07 एकड़ पर विश्वस्तरीय विद्यालय का निर्माण हुआ हैं। सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापरक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती हैं। विज्ञान प्रयोगशाला। बच्चों के खेल-कूद के लिए बृहद मैदान एवं खेल-कूद की सम्पूर्ण सुविधा। हरियाली से परिपूर्ण कैम्पस तथा अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के लियें निःशुल्क छात्रावास एवं निःशुल्क भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध है। अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा किया जाता हैं। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए बी0ओ0सी0डब्ल्यू0 बोर्ड में पंजीकृत ऐसे पात्र निर्माण श्रमिक,जिनका पंजीयन दिनांक 31.12.2020 के पूर्व हो तथा जिनका पंजीयन हुए 03 वर्ष या उससे अधिक की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका हो, उनके प्रति परिवारों के अधिकतम 02 बच्चें पात्र होंगे तथा वे बच्चें जो कोविड काल में अनाथ हुए हैं व जिनका पंजीयन महिला एवं बाल विकास विभाग में हुआ है तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के बच्चें पात्र है। विद्यालय में कक्षा 06 में प्रवेश के लिए ऐसे बच्चे,जिनकी जन्मतिथि दिनांक 01.05.2012 से दिनांक 30.04.2014 के बीच हो तथा कक्षा 09 में प्रवेश के लिए जन्मतिथि दिनांक01.05.2009 से दिनांक 31.07.2011 के बीच हो, विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र दिनांक 08.01.2024 से 05.02.2024 तक किया जा सकता हैं। आवेदन पत्र श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय, मंझनपुर कौशाम्बी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालयों तथा बीएसए व जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से पूर्वान्हन 10 बजे से सायं 05 बजे तक निःशुल्क प्राप्त तथा आवेदन पत्र जमा किया जा सकता हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 25.02.2024 को किया जायेगा। सीडीओ ने अपील की है कि सभी पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों/अनाथ बच्चों का ज्यादा से ज्यादा आवेदन पत्र भरवाया जाय, ताकि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश पाकर वे उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण कर सकें तथा अपना भविष्य उज्जवल बना सकें। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी के मो0 नम्बर-8707330408 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

शराब कारोबारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के बाद नरम दिखाई पड़ रहे क्षेत्राधिकारी चायल

अंधेरा होते ही चायल सर्किल क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से मिट्टी और बालू खनन करने वाले लोग हो जाते हैं सक्रिय

कौशाम्बी। मनोज कुमार सिंह रघुवंशी चायल सर्किल का चार्ज संभालते ही शराब कारोबारी के ऊपर कहर बनकर टूट पड़े थे। कारोबारी के यहां उन्होंने छापा डालकर भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब एवं उपकरण बरामद किया था। मनोज कुमार सिंह रघुवंशी का सख्त तेवर देखकर चायल सर्किल क्षेत्र में अवैध कार्य करने वाले लोग थर - थर कांपने लगे थे। ऐसा लग रहा था कि उनके रहते चायल सर्किल क्षेत्र में अवैध कार्य करने वाले लोग चायल सर्किल क्षेत्र छोड़कर अपना ठिकाना कहीं और बनाएंगे लेकिन शराब कारोबारी के खिलाफ कार्यवाही के बाद क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी नरम दिखाई पड़ रहे हैं। क्षेत्राधिकारी चायल जैसे ही नरम हुए अवैध कार्य से जुड़े हुए लोग बेधड़क होकर अपने कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में फिर से लग गए हैं। इन दिनों चायल सर्किल क्षेत्र के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में चोरी छिपे मिट्टी खनन का कार्य जोरो - शोरो पर शुरू है। रात होते ही संदीपन घाट थाना क्षेत्र में कई जगह जेसीबी गरजने लगती है। खनन माफियाओं को रोकने में संदीपन घाट थाना पुलिस पूरी तरह से नाकाम है। खनन माफिया मिट्टी खनन कर राजस्व विभाग को भारी चपत लगा रहे हैं। खनन माफियाओं के ऊपर लगाम ना लगा पाने के कारण संदीपन घाट थाना पुलिस की निष्ठा पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो खनन माफिया मिट्टी खनन के एवज में संदीपन घाट थानाध्यक्ष तक मोटी रकम की गड्डी पहुंचाते हैं उसमें से आधे से अधिक का हिस्सा ऊपर तक पहुंचाया जाता है यह हिस्सा कहां - कहां जाता है जांच बाद ही खुलासा होगा। संदीपन घाट थानाध्यक्ष खनन माफियाओं को रात के अंधेरे में मिट्टी खनन के लिए खुली छूट देकर खनन माफियाओं से मित्रवत व्यवहार निभा रहे हैं और तो और खनन माफिया मिट्टी खनन कर समतल जमीन को टीले में तब्दील कर रहे हैं या फिर अधिक गड्ढा कर छोड़ देते हैं जिससे हादसा होने की प्रबल आशंका बनी रहती है। यदि भविष्य में टीला ढहने से या फिर गड्ढे में गिरकर किसी की मौत होगी तो इसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा थाना पुलिस या फिर कोई और यह सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहा है। इसी तरह कनैली चौकी और लोधौर चौकी क्षेत्र में नदी की जलधारा से रात के अंधेरे में पुलिस की मिलीभगत से बालू का अवैध खनन होता है। अवैध खनन से जुड़े हुए लोगों के खिलाफ क्षेत्राधिकारी चायल का सख्त तेवर देखने के लिए लोग बेशब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दबंगो ने जबरन गिरा दी छावनी, जमीन खाली करने की दी धमकी पीड़ित पक्ष पहुंचा थाने

महगांव कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उम्मरपुर में कुछ दबंगो ने जबरन छावनी गिरा दिए और वहां घर बना कर रह रहे लोगो को जमीन खाली करने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित परिवार की महिलाओ ने इसकी शिकायत संदीपन घाट थाना में दर्ज कराई। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक उम्मरपुर गांव में एक जमीन पर सुनीता देवी पत्नी ज्ञान सिंह, रेखा देवी पत्नी रामचन्द्र, सुमिनतारा देवी पत्नी राजाराम मकान और चारदीवारी बना कर रहते हैं जिसे उम्मरपुर गांव के कुछ दबंगो ने पहुंचकर जबरन छावनी गिरते हुए भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए जान से मार डालने की धमकी दी और जमीन खाली करने की धमकी देते हुए चले गए पीड़ित पक्ष द्वारा मामले की सुचना थाने में दर्ज कराई गई सुचना पर पुलिस मामले की जांच करने का आश्वासन देकर पीड़ितो को भेज दिया है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों की घोषणा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरि के द्वारा जनपद कौशाम्बी में संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष पद पर प्रवेश केशरवानी तथा महामंत्री पद पर प्रमोद कुमार साहू को मनोनीत किया गया एवं इसी दौरान जनपद के सभी बाजारो के अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष की घोषणा भी हुई। सिराथू बाजार से पुष्पेंद्र कुमार उर्फ पवन केसरवानी, शुभम केसरवानी, धीरेन्द्र कुमार अग्रहरि, देवीगंज बाजार नीरज कुमार साहू, खुर्शीद अहमद आदित्य अग्रहरि उर्फ श्यामू अझुवा बाजार, रमेश चंद्र अग्रहरि राकेश कुमार केसरवानी अनिल कुमार अग्रहरि, कल्याणपुर बाजार सचिन केसरवानी पवन कुमार पांडेय राकेश साहू उदहीन बुजुर्ग बाजार श्री चंद्र केसरवानी ज्ञान प्रकाश इंद्रजीत केसरवानी सैनी बाजार कृष्ण कुमार उर्फ रिंकू अशोक कुमार गुप्ता सर्वेश कुमार सोनकर कड़ा धाम बाजार रामायणी प्रशाद पंडा गवर्नर प्रशाद पंडा उर्फ अस्टभुजा प्रशाद रिंकू मोदनवाल मंझनपुर बाजार अंशु केसरवानी जय नारायण मोदनवाल अभिषेक गुप्ता पश्चिम शरीरा बाजार विपिन केसरवानी प्रतीक मोदनवाल हरी नारायण केसरवानी। टेवा बाजार राजू केसरवानी सतीश कुमारअतुल कुमार ओसा मंडी बाजार नेम चंद्र अग्रहरि रणजीत कुमार राम बाबू केसरवानी समदा बाजार धर्मेंद्र कुमार गुप्ता जगदीश बाबू गुप्ता प्रेम चंद्र केसरवानी करारी बाजार सुशील कुमार मोदनवाल पंकज कुमार शर्मा विपिन केसरवानी ओसा चौराहा बाजार अमित कुमार सोनकर पन्ना लाल केसरवानी सुनील केसरवानी मूरतगंज बाजार रविकांत केसरवानी नसीम अहमद इरशाद अहमद चायल बाजार मुनेश्वर केसरवानी प्रेम चंद्र राज कुमार सराय अकिल बाजार राकेश अग्रहरि संदीप कुमार केसरवानी राकेश कुमार केसरवानी मनौरी बाजार सुधीर कुमार केसरवानी उमेश कुमार नीरज कुमार। काजीपुर बाजार राकेश कुमार गुप्ता दिनेश कुमार जायसवाल राकेश कुमार केसरवानी भरवारी बाजार वीरेंद्र केसरी राजेश अग्रहरि अखिलेश कौशल। नेवादा बाजार रामा धीन सिंह दीपक बाबू केसरवानी सुनील सिंह चरवाबाजार कैलाश केसरवानी अनिल कुमार राजेंद्र कुशवाहा सैयद सरावा बाजार तौहीद अंसारी राजेश मोदनवाल विवेक केसरवानी। चौरा डीह बाजार सुनील केसरवानी प्रमोद कुमार त्रिपाठी शिव बाबू केसरवानी बेनीराम कटरा बाजार बुधराज सिंह राज नाथ सोनी गोपाल दास केसरवानी तिल्हापुर मोड़बाजार सुभाष केसरवानी संतोष कुमार सोनी डॉ. बांकेलाल यादव इमाम गंज बाजार प्रताप केसरवानी उमेश कुमार वर्मा मनोज कुमार केसरवानी कुम्हियावा बाजार कुलदीप तिवारी प्रदीप कुमार संदीप गुप्ता शहजादपुर टेढ़ीमोड़ बाजार दिनेश केसरवानी हर्दय जायसवाल सतीश केसरवानी गुलामी पुर बाजार आशीष कुमार संदीप कुमार मोहित केसरवानी रमेश अग्रहरि पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रान्तीय वरिष्ठ महामंत्री उत्तरप्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रमेश चंद्र अग्रहरी द्वारा की गई।

न्यूज झरोखा

दुल्हन की तरह सजा कौशबेश्वर संकट मोचन आश्रम



तिल्हापुर मोड कौशाम्बी विकास खंड कौशाम्बी के ऐतिहासिक प्राचीन कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम जोटका आमाकुआं के संरक्षक राजू केशरवानी के नेतृत्व में दुल्हन की तरह सजा रहा साथ ही राजू केशरवानी,कौशिक अग्रहरि ,रोहित मिश्र,मोहन लाल सेन रिंकू केशरवानी हिसामबद, शिव प्रसाद अग्रहरि,शिव नरेश निषाद ,अंकित केशरवानी,अनिल नामदेव,सहित सैकड़ों राम भक्तों ने सुन्दर काण्ड का पाठ कर प्रसाद वितरण किया

बसुहार गांव में जय गुरुदेव बाबा के सत्संग का लहुआ आयोजन

कौशांबी जिला के बसुहार गांव में जय गुरुदेव बाबा के सत्संग का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा ने किया सत्संग में आए हुए सभी लोगो ने जय गुरुदेव महाराज के मान चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया सभा में उपस्थित जिला अध्यक्ष ने जय गुरुदेव बाबा के बारे में बताते हुए कहा बाबा जी का कहना है आप लोग मुझे अपना एक बेटा दे दो आप का बेटा आप के पास रहेगा समय आने पर मैं उससे निराला काम ले लूंगा भारत के बीरो जाग जाओ जय गुरुदेव जगाने आए है परिवर्तन होगा दुनिया में संदेश सुनाने आए हैं देश में परिवर्तन नव युवकों के द्वारा ही होगा सभी लोगो को साकाहारी बनना है बाबा जी का एक निशाना अच्छा नया समाज बनाना हम सब को मिल कर गांव गांव चल कर लोगो को जागरूक करना होगा नई पीढ़ी को जगाना होगा गुरुदेव जी महाराज के संदेश का प्रचार प्रसार करके हम लोग देश को बुलंदियों तक ले जायेंगे समाज को भ्रष्टाचारियों से बचाएंगे तभी हमारा देश महान बन सकता है आप लोगो ने विनम्र निवेदन है कि सभी लोग साकाहारी रह कर सभी को शाकाहारी रहने के लिए जागरूक करिए इस दौरान जयगुरूदेव नवयुवक संघ टाट धारी बचऊ लाल कुशवाहा मुकेश कुमार कुशवाहा हरिश चंद पाल अजय कुमार यादव गोविंद प्रसाद प्रजापति महिमा देवी पार्वती देवी प्रतिभा कुशवाहा ज्योति पटेल मंजू देवी सुमनदेवी अनिता देवी शिव चरन दास महाराज एवम अन्य लोग उपस्थित रहे

प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शोभायात्रा में महिलाओं ने भी लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

कौशाम्बी ग्राम सेंगरहा में सेक्टर अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सोनी की अगवाई में सात गांव में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में बूथ अध्यक्षों को साफ सफाई एवं मंदिरों में पूजा अर्चन के लिए किया गया तथा गांव सेंगरहा में बूथ अध्यक्ष संतलाल तिवारी की अध्यक्षता में शिव मंदिर में पूजा पाठ का कार्यक्रम किया गया जिसमें गांव के तमाम लोगो ने हिस्सा लिया और विशाल रूप से भंडारा संपन्न हुआ जिसमें मोदी सरकार की राम मंदिर सहित शोभा यात्रा निकाला गया दूसरी तरफ पूरब की तरफ मनदीप तिवारी के सामने शिवाला में पंडित शिवमूरत त्रिपाठी के अध्यक्षता में पूजा अर्चन का काम संपन्न हुआ तथा शोभा यात्रा सहित भंडारा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया जिसमें कोटेदार वीरेंद्र सिंह सहित भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया। भाजपा की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुषमा तिवारी की अगुवाई में 50 महिलाओं के साथ गांव के तीन मंदिरों में सफाई कार्यक्रम सहित राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूजन अर्चन कार्यक्रम किया गया जिसमें गांव की महिलाओं सहित पुरुषों ने भाग लिया तथा शाम को भंडारा का कार्यक्रम किया गया बैरमपुर ग्राम में भाजपा मंडल सचिव पिरथी मिश्रा के दिशा निर्देश में सेक्टर अध्यक्ष योगेंद्र सोनी सहित भाजपा कार्यकताओं के साथ पूजन अर्चन का कार्यक्रम झांकी सहित कार्यक्रम निकला गया जिसमें बूथ अध्यक्ष विपिन केसरवानी रवि सोनी गांव के समस्त लोग शामिल हुए पूरा जुलूस के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मानपुर गौरा माइनर में टेल तक पानी छोड़ा जाए. : अजय सोनी

कौशाम्बी समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे 23 जनवरी मंगलवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम मानपुर गौरा में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजन में मानपुर गौरा के तमाम ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों ने कई समस्याओं जिक्र किया। सबसे ज्यादा शिकायत किसानो को सिंचाई के लिए नहरों में पानी न आने को लेकर हुई। लोगों का कहना था कि मानपुर गौरा माइनर में पानी न आने से रबी की फसल सुख रही है और लोग सिंचाई के लिए परेशान हैं। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि किसानो के लिए समर्थ किसान पार्टी मजबूती से संघर्ष कर रही है। आगे कहा कि किसानो को सिंचाई के लिए मानपुर गौरा माइनर में पानी छोड़ा जाना चाहिए। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही मानपुर गौरा माइनर में पानी नही छोड़ा गया तो समर्थ किसान पार्टी आंदोलन करेगी। इस अवसर पर अवधेश सरोज, पंचम लाल सरोज, दिनेश सोनकर, मानबाबू सोनकर, रामेंद्र सिंह, मो अकिल आदि मौजूद रहे।

सकिपा मनाएगी कर्पूरी ठाकुर जयंती

कौशाम्बी समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे कल दिनांक 24 जनवरी बुधवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम बड़नपुर घाटमपुर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाएगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है

ईवीएम/वीवीपैट के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम 25 जनवरी से

कौशाम्बी भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ई0वी0एम0/वी0वी0पैट के प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 251-सिराथू व 252-मंझनपुर (अ०जा०) विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 25 जनवरी 2024 से 13 फरवरी 2024 तक कुल 20 दिनों के लिए एक-एक एल०ई०डी० वैन एवं 253-चायल विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 14 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक कुल 10 दिनों के लिए 02 एल०ई०डी० वैन संचालित किया जायेंगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने देते हुए सभी उप जिलाधिकारियां को निर्देशित किया है कि कार्ययोजना बनाकर दिनांक 25 जनवरी 2024 से ई०वी०एम०/वी०वी०पैट के जागरूकता कार्यक्रम के लिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रों, हॉट-बाजार, गाँव/मजरों को अच्छादित कराना सुनिश्चित करें।

संपादक की कलम से

सुभाषचन्द्र बोसः महान स्वतंत्रता सेनानी एवं कर्मयोद्धा

भारतीय इतिहास में सुभाष चंद्र बोस ऐसे महानायक हैं, जो किसी पहचान के मोहताज नहीं। नेताजी का नारा ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्न आज भी भारवासियों के भीतर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की ज्वार पैदा करता है। अंग्रेजों की गुलामी से भारत को आजाद कराने के लिए नेताजी ने कई आंदोलन किए, उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ छिड़े जंग की ज्वाला को और तेज करने के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना भी की। जलियांवाला बाग हत्याकांड के दिल दहला देने वाले दृश्य से वे काफी विचलित हुए इसके बाद ही वे भारत की आजादी संग्राम में जुड़ गए। बोस प्रकृति से आध्यात्मिक, ईश्वर भक्त तथा तन एवं मन से देशभक्त थे। बोस के अतिरिक्त हमारे देश के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्तित्व नहीं हुआ जो एक साथ महान स्वतंत्रता सेनानी, महान सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी, राष्ट्रनायक और अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरुषों, नेताओं के समकक्ष साधिकार बैठकर भारत की आजादी के लिये कूटनीतिज्ञ तथा चर्चा करने वाला हो।

भारत को आजादी दिलाने के लिये किये गये सुभाषचन्द्र बोस के अवदानों की एक लम्बी श्रृंखला है, लेकिन आजादी के बाद बनी सरकारों ने उनके योगदान को विस्मृत करने की तमाम कोशिशों का ही परिणाम है कि यह महानायक इतिहास के पन्नों में गुम हो गया। लेकिन लम्बे इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि देश के क्रांतिकारी आंदोलन के महानायक, कर्मयोद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को केंद्र सरकार ने ह्यराष्ट्रीय पराक्रम दिवसह्न के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरूआत हो गयी है।

आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से सुभाषचन्द्र बोस ने एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी और समृद्ध सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड़यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। जब वर्ष 2018 को आजाद हिन्द सरकार के 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से तिरंगा फहराया तो देश को मानो उसका बिसराया प्यार, स्वतंत्रता संग्राम की अनूठी स्मृतियों की जीवंतता से देश को वास्तविक रूप में आजादी का स्वाद चगने का अवसर मिल गया है।

सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। नेताजी ने आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था। नेताजी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निर्वाहन करते हुए उन्होनें उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा मात्र आठ माह में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली किंतु राष्ट्रीय भाव एवं भारत को आजाद कराने के संकल्प के चलते उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक आइसीएस के इतिहास में किसी भारतीय ने ऐसा नहीं किया था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था।

सुभाषचन्द्र बोस ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये, जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ह्यतुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगाह्न का नारा देकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी। आजाद हिन्द सरकार ने वादा किया था ह्यबांटो और राज करोह्न की उस नीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का, जिसकी वजह से भारत सदियों तक गुलाम रहा था। इसके लिये नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने ह्यसुप्रीम कमाण्डरह्न के रूप में आजाद हिंद फौज की सेना को सम्बोधित करते हुए ह्यदिल्ली चलो !ह्न का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत या उदाहरण नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्धबन्दियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो। उस समय देश में नेताजी और आजाद हिंद फौज के प्रति सहानुभूति की व्यापक लहर दौड़ रही थी। दमनचक्र के बावजूद देशवासियों का जोश, उत्साह व उमंग देखते ही बन रहा था। ब्रिटिश सरकार डर गयी थी। आजाद हिंद फौज ने जिस प्रकार से देश का वातावरण बनाया उससे अंग्रेजों को साफ पता चल गया था कि अब यहां अधिक समय तक रहा नहीं जा सकता, आजाद हिंद फौज का देश की आजादी में अप्रतिम योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

21 अक्टूबर 1943 को सुभाषचन्द्र बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशो की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अंडमान व निकोबार द्वीप इस अस्थायी सरकार को दे दिये। नेताजी उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 4 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया एक भयंकर युद्ध था। इस युद्ध में जापानी सेना को पीछे हटना पड़ा था और यही एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिये उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ माँगीं। अपने संघर्षपूर्ण एवं अत्यधिक व्यस्त जीवन के बावजूद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्वाभाविक रूप से लेखन के प्रति भी उत्सुक रहे हैं। अपनी अपूर्ण आत्मकथा एक भारतीय यात्री-ऐन इंडियन पिलग्रिम के अतिरिक्त उन्होंने दो खंडों में एक पूरी पुस्तक भी लिखी भारत का संघर्ष-द इंडियन स्ट्रगल, जिसका लंदन से ही प्रथम प्रकाशन हुआ था। यह पुस्तक काफी प्रसिद्ध हुई थी। उनकी आत्मकथा यद्यपि अपूर्ण ही रही, लेकिन उसे पूर्ण करने की उनकी अभिलाषा रही थी। नेताजी की मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है। जहाँ जापान में प्रतिवर्ष 18 अगस्त को उनका शहीद दिवस धूमधाम से मनाया जाता है वहीं भारत में रहने वाले उनके परिवार के लोगों का आज भी यह मानना है कि सुभाष की मौत 1945 में नहीं हुई। वे उसके बाद रूस में नजरबन्द थे।

सुभाषचन्द्र बोस की 127वीं जन्म जयन्ती मनाते हुए भारत को भारतीयता की नजर से देखना और समझना जरूरी है। ये आज जब हम देश की स्थिति देखते हैं तो और स्पष्ट रूप से समझ पाते हैं कि स्वतंत्र भारत के बाद के दशकों में अगर देश को सुभाष बाबू, सरदार पटेल जैसे व्यक्तित्वों का मार्गदर्शन मिला होता, भारत को देखने के लिए विदेशी चश्मा नहीं होता तो स्थितियां बहुत भिन्न होतीं। नेताजी के विचारधारा के लोग इस देश में ही जीवित होने पर भी बिसराए जाते रहे हैं। लेकिन इन सब झंझावातों के बीच वह सपना सांस लेता रहा। उसे जीवित रहना ही था, क्योंकि उस सपने में नेताजी सरीखे अनगिनत राष्ट्रपुरुषों की जान बसी है। वह सपना है भारतीयता का सपना। यह सपना जीवित रहेगा, उसी सपने को आकार देकर ही सशक्त भारत का निर्माण होगा।

बालिकाओं की सुरक्षा के हो गम्भीर प्रयास

लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों

के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये।

बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

रमेश सर्राफ धमोरा
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)

क्या वाकई रामराज्य आएगा

22 जनवरी 2024 को भाजपा की राजनैतिक रणनीति के तहत, तय वक्त पर अयोध्या में बने करोड़ों के भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान के तौर पर शामिल हुए। उनके अलावा प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के दौरान गर्भगृह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शेष यजमानों के साथ मौजूद रहे।

कांग्रेस ने जब इस कार्यक्रम को भाजपा और संघ का राजनैतिक आयोजन बताया था, तो मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर कई तरह के शाब्दिक हमले किए गए। उन्हें हिंदू विरोधी कहा गया। लेकिन अयोध्या में हुए कार्यक्रम को अगर खुले दिल-दिमाग से देखा जाए और उसका विश्लेषण किया जाए, तो यही नजर आएगा कि एक धार्मिक आयोजन को भाजपा का शक्तिप्रदर्शन बना दिया गया। पूंजी के दम पर धर्म के नाम पर जितना दिखावा किया जा सकता था, सब किया गया। देश के हजारों रिहायशी इलाके एक जैसे भगवा झंडों और फूल मालाओं से सजाए गए, जगह-जगह शोभायात्राएं, हवन, भंडारे आयोजित हुए।

श्री मोदी ने 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आह्वान किया, तो आंख मूंदकर लोगों ने सुबह से दीए जलाने, पटाखे फोड़ने शुरू कर दिए, बिना यह सोचे-विचारे कि राम रावण को मार कर सीताजी के साथ जब अयोध्या लौटे थे, तब दीपावली मनाई गई थी। लेकिन अब मोदीजी के काल में शायद नए भारतीय कैलेंडर के साथ नए तरीके से दीपावली मनाने का कोई चलन शुरू हो जाए। वैसे भी अयोध्या में दिए अपने भाषण में श्री मोदी ने कहा ही है कि 22 जनवरी कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं है, यह एक नए कालचक्र का उद्गम है।

वाकई एक नया कालचक्र भारत की धार्मिक और राजनैतिक परंपराओं में शुरू हुआ है। धार्मिक परंपरा के मुताबिक गृहस्थ यानी पति और पत्नी दोनों मिलकर अनुष्ठान करते हैं। लेकिन श्री मोदी प्राण प्रतिष्ठा में अकेले शामिल हुए। भक्तों की

सुविधा के लिए बताया गया कि प्रधानमंत्री प्रतीकात्मक जजमान रहेंगे, लेकिन आज के दौर में प्रतीक ही प्रधान बन गए हैं। लिहाजा वे 14 दंपती जो बतौर यजमान इस आयोजन में बैठे थे, वे खबरों में नजर नहीं आए, उनकी जगह प्रधानमंत्री मोदी दिखे। राजनैतिक परंपरा के मुताबिक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को निज आस्था का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। लेकिन प्रधानमंत्री, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल सभी बेधड़क एक हिंदू कार्यक्रम में, हिंदू राष्ट्र के पैरोकार संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ शामिल हुए। आदित्यनाथ योगी ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए इसे त्रेतायुग की ओर लौटना बताया। वहीं मोहन भागवत ने इसे भारत का स्व लौटना बताया है।

अब सवाल यह है कि अगर भाजपा और संघ का यह राजनैतिक आयोजन नहीं था तो फिर इस कार्यक्रम में संघप्रमुख और भाजपा नेताओं के भाषण क्यों हुए। क्यों इस कार्यक्रम में हिंदू धर्म की पहचान बताने वाले शंकराचार्य अनुपस्थित रहे। रामलला के नाम पर हुए इस कार्यक्रम में फिल्मी सितारों और कारोबारी बाबाओं को विशिष्ट मेहमानों की तरह क्यों बुलाया गया। क्या उनकी आस्था देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था से अधिक है, या फिर देश में अब ऐसा राम राज्य आएगा, जहां बलवान को ही भक्ति का अधिकार मिलेगा।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि त्याग और तपस्या के बाद हमारे राम आ गए हैं। इस वाक्य में अगर वे त्रासदी शब्द भी जोड़ते तो बात पूरी होती, क्योंकि इतिहास को चाहे जितनी तरह से लिख लिया जाए, यह तथ्य अपनी जगह कायम रहेगा कि राजनैतिक फायदे के लिए खड़े किए राम मंदिर आंदोलन से देश एक ऐसी त्रासदी का शिकार हुआ था, जिसने संविधान की मयार्दा को तार-तार करके रख दिया था। हजारों जिंदगियां राम मंदिर आंदोलन के कारण बर्बाद हुईं और बबार्दी हिंदू या मुसलमान का ठप्पा लेकर नहीं चलती, केवल उजाड़ती है। श्री मोदी ने इस मौके पर भारत की न्यायपालिका का आभार भी व्यक्त किया, जिसने न्याय की लाज रख ली।

लेकिन क्या प्रधानमंत्री को यह याद है कि न्यायपालिका ने यह भी कहा था कि बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था। क्या न्याय की लाज रखने के लिए श्री मोदी बाबरी तोड़ने वालों को दंड दिलाने की कोशिश करेंगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके को राष्ट्रवाद में भुनाने की कोशिश भी प्रधानमंत्री ने की, जब उन्होंने अपने भाषण में कहा कि गुलामी की मानसिकता को तोड़कर राष्ट्र उठ खड़ा हुआ है, ये समय सामान्य नहीं है।

राम मंदिर बन जाने का गुलामी या आजादी से क्या संबंध है, इसे श्री मोदी को थोड़ा और स्पष्ट करना चाहिए। क्योंकि बाबरी मस्जिद न अंग्रेजों के शासन में बनाई गई और न उसे अंग्रेजी शासन में तोड़ा गया। और भारत अंग्रेजों को छोड़ किसी और का गुलाम नहीं रहा, तो फिर गुलामी की मानसिकता 22 जनवरी को कैसे टूट सकती है। मानसिकता वैसे भी एक अमूर्त चीज है, जो कभी भी बदल सकती है। जहां तक सवाल गुलामी का है, तो उससे 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिल गई थी और 26 जनवरी 1950 को संविधान को स्वीकार करके भारत लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ गया था। इसलिए इन दो दिनों और इनके साथ गांधी जयंती को राष्ट्रीय पर्वों के तौर पर मनाया जाता है। आश्चर्य नहीं होगा अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आई तो अगले बरस से 22 जनवरी भी राष्ट्रीय पर्व घोषित कर दिया जाए।

बहरहाल, 22 जनवरी के बाद अब देश के सामने सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि 23 जनवरी से देश का माहौल कैसा होगा। क्योंकि भाजपा की लाख कोशिशों के बावजूद यह बात छिप नहीं पाई है कि आधे-अधूरे मंदिर में श्री मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा कराए जाने के पीछे मकसद राजनैतिक लाभ लेना है। इसलिए सरकार की ओर झुके मीडिया ने अपने अखंड कवरेज में बताया कि देश राममय है। लेकिन पूर्वोत्तर में यह माहौल नजर नहीं आया। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में असम में लगातार बाधाएं डाली गईं और 22 जनवरी को उन्हें श्री शंकरदेव के मंदिर में प्रवेश करने से बलपूर्वक रोका गया, जिसके बाद श्री गांधी को धरने पर बैठना पड़ा। राहुल गांधी की यात्रा में बाधा खड़ी करने की कोशिशें यह जाहिर कर रही हैं कि भाजपा को राम मंदिर बनाकर भी निश्चिंतता नहीं मिल रही है कि उसे जीत मिल जाएगी। अपने भविष्य को लेकर ऐसी ही अनिश्चिंतताएं अब देश के आम लोगों के सामने भी हैं। भाजपा दावा कर रही है कि अब राम राज्य आ गया है। लेकिन क्या यह गांधी के द्वारा परिभाषित रामराज्य है। 1929 में महात्मा गांधी ने हिन्द स्वराज में लिखा था- राम राज्य से मेरा आशय हिन्दू-राज्य नहीं है। मेरा आश दैवी राज, ईश्वर की सत्ता से है। मेरे लिए राम और रहीम एक ही हैं। मैं किसी भगवान को नहीं मानता, मेरे लिए सत्य और न्याय ही एक मात्र भगवान है। इसी तरह रामचरित मानस लिखने वाले तुलसीदास जी ने लिखा था-

दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।

यानी, राम के राज में किसी को शारीरिक, ईश्वरीय और आर्थिक तकलीफ नहीं थी। जनता में आपसी प्रेम था और वे अपने-अपने धर्म का पालन करते हुए जीवन बसर करते थे।

गुजरे समय का महत्वपूर्ण क्षण नहीं लौट कर आता दोबारा

गुजरे हुए समय और बीते कल के मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोई हुई ख्याति,इज्जत को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया हैह्न समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए। जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है, उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है।समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है। जो विद्यार्थी समय को महत्व को समझते हुए अनुशासित तरीके से मेहनत करता है उसे परीक्षाओं में दिल से सफलताएं प्राप्त होती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में समय के महत्व को ध्यान में रख पढ़ाई करके वह बड़ी-बड़ी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर बड़े-बड़े पदों को प्राप्त करते हैं बोलतें हैं कि जीवन में समय का दुरुपयोग एक तरह से आत्महत्या के समान है। समय का दुरुपयोग जीवन की सफलता का प्रमुख कारण है। क्योंकि समय के व्यतीत हो जाने के बाद अफसोस करने से गुजरा हुआ समय वापस नहीं लौटता और व्यक्ति के पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बच पाता।युवा वर्ग को खासकर शरीर को स्वस्थ रख समय पर निंद्रा, भोजन,व्यायाम करने की आदत डाल लेना चाहिए,वैसे तो युवा वर्ग को समयानुसार अलसुबह उठकर ताजी हवा लेने का नियम बनाकर ब्रह्म मुहूर्त में अध्ययन करने की नियमावली बना लेना चाहिए।देर से उठने वाले हर काम देरी से करने के लिए मजबूर हो जाते हैं ,समय पर कार्य करने से मनुष्य की व्यक्तिगत प्रगति तो होती ही है उसके निजी व्यक्तित्व में भी विकास तथा चार चांद लग जाते हैं।

महुआ शराब समेत पचास किलो लहन किया बरामद

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने श्यामू पुत्र प्यारेलाल निवासी हरिजन बस्ती के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब व उपकरण तथा पचास किलो लहन समेत गिरफ्तार किया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

मानिकपुर तहसील में जयप्रकाश वकील नामित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि जय प्रकाश पुत्र श्रीकृष्ण निवासी अगरहुंडा तहसील मानिकपुर को मानिकपुर तहसील के न्यायालयों में गांवसभा/सरकार की ओर से पैरवी करने को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष अवधि के लिए तहसील में राजस्व वकील नामित किया है। तहसील में नामित वकील राजस्व विधि परामर्शी निर्देशिका उप्र राजस्व संहिता नियमावली 2016 व उप्र राजस्व संहिता 2006 संशोधन अध्यादेश 2015 व भूमि प्रबन्धक नियम संग्रह के तहत दिये प्राविधानों व प्रतिबन्धों तथा समय-समय पर जारी शासनादेशों/परिषदादेशों अनुसार अनुपालन करेंगे। अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी/जिला भूमि व्यवस्था अधिकारी के जारी निदेर्शों का पालन करेंगे। ये नियुक्ति किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

रोजगार मेले में 105 का हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एक दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले में राऔप्रसं, उप्र कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय ने विकासखंड रामनगर में किया।

मंगलवार को रोजगार मेले में आठ से अधिक कम्पनियों व 230 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न कम्पनियों ने 105 अभ्यर्थियों का चयन किया। बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, प्रधानाचार्य आईटीआई/जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन जितेन्द्र शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने रोजगार मेले का शुभांरभ किया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

नेताजी की जयंती पर सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूट इंटर कॉलेज में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के बतौर सीओ यातायात राजकमल व एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला ने चित्रकूट इंटर कॉलेज, श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल, अशोक पब्लिक स्कूल के छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

मंगलवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर छात्रों को दिलाई शपथ में कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। तेज रफ्तार से वाहन न चलाए। नशे में वाहन चलाने से हादसे के आसार बने रहते हैं। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद को सदैव तत्पर रहें। इस मौके पर पीटीओ संतोष कुमार तिवारी, यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, चित्रकूट इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान व तीनों विद्यालयों के तकरीबन 15 सौ छात्र मौजूद रहे। इसी क्रम में जिले के शासकीय-अर्द्धशासकीय, निजी स्कूल व महाविद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाकर नेताजी की जयंती मनाई। इस मौके पर प्रतिभागियों की तादाद 17887 रही। विशाल जनसमूह ने राष्ट्रीय सडक सुरक्षा पखवाडा में यातायात नियमों के पालन करने को कहा।

लूट का खुलासा: दो बदमाश माल-शस्त्र समेत दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मारकुण्डी थाना क्षेत्र में एक विधवा के घर पर हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। दो लुटेरों को शस्त्र व लूट के सामान समेत दबोचा है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में एसओजी व थाना मारकुंडी पुलिस ने 17-18 जनवरी की रात कस्बा मारकुंडी में श्रीमती ममता गुप्ता पत्नी स्व रमाकान्त गुप्ता के मारकंडी बाजार स्थित जनरल स्टोर दुकान में लुटेरों ने मारपीट कर नकदी समेत दुकान का सामान लूटा था। मामले की रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर खुलासे के निर्देश दिये थे।

उन्होंने बताया कि सुरागरसी कर थानाध्यक्ष मारकुंडी व एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर भेड़ा कोलान स्थित गौशाला से कल्लू पठान उर्फ छपरी पुत्र इरशाद पठान व मनीष मौर्य पुत्र मुकेश मौर्य निवासी नई बस्ती थाना मऊरानीपुर जिला झांसी को गिरफ्तार किया। दो लोग मौके का लाभ उठाकर भाग गये। दबोचे दोनों के कब्जे से देशी तमंचा, कारतूस, चाकू, लूट के 12500 रुपये, एक जोड़ी पायल आदि दुकान का सामान बरामद किया। लूटे सामान की दुकान मालकिन ने शिनाख्त की। पूंछतांछ में दबोचे बदमाशों ने बताया कि वे दोनों अन्य दो साथियों के साथ 17-18 की रात महिला के घर/दुकान में लूटपाट की थी। लूटे माल को दोनों ने छिपा दिया था। दोनों बदमाशों पर मऊरानीपुर में तमाम मामले दर्ज हैं। टीम में निरीक्षक/एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही राघवेन्द्र सिंह, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत व मारकुंडी थाने के थानाध्यक्ष मनीष कुमार, सिपाही सतीश कुमार, शिवलाल शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी व पुलिस टीम मौजूद रही।

पुरवा तरौहां ने दादा इलेवन को 29 रन से हराया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट टूनार्मेंट के तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच पुरवा तरौहां व दादा इलेवन कर्वी टीम के बीच हुआ। मैच की शुरूवात बतौर मुख्य अतिथि डॉ श्याम सिंह चैहान ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर कराया।

मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करते हुये पुरवा तरौहां टीम ने 15 ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन बनाये। पुरवा तरौहां के मयंक तिवारी ने 54 रन, सोनू ने 31 रन बनाये। दादा इलेवन कर्वी के आकाश व आदित्य ने 2-2 विकेट लिये। लक्ष्य पाने को दादा इलेवन कर्वी टीम 15 ओवर में नौ विकेट खोकर 93 रन बना सकी। मुकाबला 29 रन से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गयी। पुरवा तरौहां के 54 रन व एक विकेट लेने वाले खिलाड़ी मयंक तिवारी को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार अतिथि मोहनलाल वर्मा प्रधान पुरवा तरौहां, सुभाष चंद्र मिश्र, मेराज सिद्दीकी ने दिया। अंपायर अंकुर त्रिवेदी, राहुल यादव रहे। कमेंटेटर इब्रान खान, कृष्णा मिश्र, रमेश मिश्र रहे। स्कोरर राम कुमार व मनीष कुमार रहे। मैच में अस्मित, आदित्य मिश्रा, रामप्रकाश यादव, कृष्ण मिश्र, शिवम निषाद, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु त्रिवेदी, कल्लू वर्मा ने सहयोग किया।

राहुल की यात्रा पर असम में गुंडों ने किया हमला

भगवान शंकर के दर्शन से रोका

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम में हमले के विरोध में राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मंगल सिंह यादव को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने सौंपते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होकर नागालैंड-अरुणाचल होते हुए असम में प्रवेश किया। यात्रा में मिल रहे जन समर्थन से केंद्र-प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार बौखला गई। असम के मुख्यमंत्री खुलेआम यात्रा को रोकने की धमकी दे रहे हैं।

मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि नतीजतन 20-21 जनवरी को भाजपा के गुंडो ने भारत जोड़ो यात्रा पर हमला किया। रोकने का प्रयास किया। असम के प्रदेश अध्यक्ष समेत कांग्रेसी कार्यकर्ता घायल हो गये। स्टीकर फाड़े, यहां तक कि राहुल गांधी को भी रोकने का प्रयास हुआ। असम सरकार ने राहुल को शंकर जी के दर्शन से रोका। जिला कांग्रेस कमेटी ने निंदा करते हुए मांग की कि ऐसे गुंडो पर कडी कार्रवाई की जाये। भगवान सबके हैं, लोकतंत्र में कहीं भी कोई दर्शन कर सकता है, लेकिन भाजपा सरकार घबराई है। दूसरे नेताओं को भगवान के दर्शन करने से रोकना कहां का न्याय है। इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। यात्रा महंगाई-बेरोजगारी जनता से जुड़े मुद्दे उठाने को हो रही है। किसी की धमकी से यात्रा रुकने वाली नहीं है, यात्रा जारी रहेगी। शासन ने गुंडों पर कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, विजयमणि त्रिपाठी, राजेश सिंह, जगजाहिर पटेल, महेंद्र सिंह, शुभम त्रिपाठी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

मतदाता सूची अन्तिम प्रकाशन पर डीएम ने जर्जर मत केन्द्रों को बदला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मतदेय स्थलों बाबत राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि विधानसभा 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर मतदाता सूची प्रकाशन के अंतिम दिन, जो त्रुटि थी, सही कर दी गई है। कोई आपत्ति हो तो निस्तारण किया जाएगा।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि जो विद्यालय भवन जर्जर हैं, उन्हें कैम्पस व आसपास स्कूलों में शिफ्ट किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग से अनुमोदित मतदेय स्थलों की सूची विद्यालयों में स्थापित है। पुनः जांच उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों से कराई है। जांच दौरान 236 चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में तीन मतदेय स्थल, एक मतदान केंद्र व 237 मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में नौ मतदेय स्थल, छह मतदान केंद्र के विद्यालय भवन में मतदेय स्थल स्थापित हैं। जर्जर मिले मतदान केन्द्र उपयुक्त नहीं हैं। उसी अनुसार संशोधन व्यवस्था की गई है। प्राथमिक विद्यालय रमपुरिया में आंगनबाड़ी केंद्र को बूथ बनाने बाबत एसडीएम राजापुर को निर्देश दिये। चहारदीवारी न होने पर संबंधित बीडीओ से संपर्क कर दीवार बनवायें। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि खुद जाकर क्षेत्र के मतदान केन्द्रो पर बूथों की व्यवस्था देखें। कोई समस्या है तो नजदीकी स्कूल में शिफ्ट करायें। सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि कोई समस्या हो तो सुझाव दें। बैठक में एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर राम जन्म यादव, जिलाध्यक्ष अपना दल एस रामसिया पटेल, आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी शिवबाबू वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र, भाकपा जिला सचिव अमित यादव आदि मौजूद रहे।

पदाधिकारियों के साथ डीएम ने देखा स्ट्रांग रुम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, एडीएम श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर सौरभ यादव, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर रामजन्म यादव, जिलाध्यक्ष अपना दल एस रामसिया पटेल, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी संतोषीलाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष बसपा शिवबाबू वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिला सचिव माकपा रुद्र प्रसाद मिश्रा समेत संबंधित अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में स्थापित वेयरहाउस व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।

पीएमजीएसवाई सड़क किनारे आरईएस ने नहीं बनाई नाली

प्रतिदिन लोग गिरकर हो रहे घायल

अखंड भारत संदेश

पहाड़ी/चित्रकूट। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अरछा बरेठी से कमासिन मार्ग को पायलट प्रोजेक्ट इंडिया टेक्नोलॉजी पैकेज संख्या यूपी 1985 से निर्माण हुआ है। कस्बा पहाड़ी में बरेठी रोड में ठेकेदार ब्लैकलेड इन्फोटेक प्राइवेट लि कोलकाता ने सड़क निर्माण बाद कस्बे के अंदर नाली निर्माण नहीं कराया। इससे जगह-जगह जलभराव व गंदगी का अंबार लगा है। मंगलवार को ठेकेदार के सडक निर्माण अनियमितता का खुलासा हुआ। बताया गया कि कागजी घोड़े में जीरो किमी से नाली निर्माण दिखाया है, जबकि मौके पर नाली नहीं बनी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के रहमोकरम पर ठेकेदार ने खुलेआम डाका डाला है। ग्रामीण अभियंता जिले में भ्रष्टाचार में अव्वल नजर आ रहा है। 40 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में आरईएस ने भारी भ्रष्टाचार घटिया निर्माण कराकर किया है। प्रोजेक्ट में साफ है कि सड़क किनारे नालियों की व्यवस्था है, पांच वर्षीय गारंटी अवधि में घास-झाड़ियों काटना, रेन कट्स में सुधार, सोल्डर संचालन, कोट होल एवं ब्रेक्स भरना, सड़क किनारे नालियों का पुल एवं पुलियों, फर्नीचर, रेलिंग, दीवार पुताई जैसे कार्य की पांच वर्ष की गारंटी है। कार्यदायी संस्था ने कस्बे के अंदर नाली निर्माण नहीं कराया। ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि 17 किमी निमार्णाधीन सड़क बाजार बस्ती में नाली निर्माण न होनेसे जगह-जगह गंदगी, जलभराव से पानी निकासी नहीं हो रही। ठेकेदार ने दो सौ मीटर से अधिक सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं कराया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को पत्र देकर बरेठी मोड़ से दो सौ मीटर नाली निर्माण कराने की मांग की थी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने आज तक नाली निर्माण नहीं कराया। इससे बाइक, साइकिल सवार, पैदल राहगीर, विद्यालय आने-जाने वाले बच्चे सड़कों पर बदबूदार कीचड़-काई से प्रतिदिन गिरकर घायल हो रहे हैं।

प्राण-प्रतिष्ठा पर घंटो हुई आतिशबाजी, बांटा प्रसाद

समाजसेवी शानू गुप्ता ने किया भव्य कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा बाद शंकर बाजार में काली देवी मंदिर पर सुंदरकांड पाठ भजन-कीर्तन प्रसाद वितरण पुष्पों से सज्जा श्रीराम ज्योति व आतिशबाजी की धूम रही।

समाजसेवी शानू गुप्ता की मौजूदगी में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के ऐतिहासिक पल में श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट धाम में व्यापारियों ने भव्य साज-सज्जा व सुन्दर कांड का पाठ किया।

सोमवार को समाजसेवी/राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने व्यापारियों के साथ लोगों के बीच जलेबी- कचैड़ी, सब्जी-पूरी, पंचाअमृत, बून्दी बांटी। शाम को सैकड़ों दिए जलाकर मंदिर को जगमगा दिया। व्यापारी युवाओं ने कई घंटे तक आतिशबाजी की। जय श्रीराम के नारों के बीच शानू गुप्ता ने कहा कि दुनिया का सबसे ऐतिहासिक दिवस 22 जनवरी है। श्रीराम के आगमन का ये महापर्व स्वयं श्रीराम ने लोगों को दिया है। अनंत काल तक देव दीपावली व श्रीराम ज्योति दिवस मनाएंगे। इस मौके पर व्यापारी नेता शेशू जायसवाल, संतोष गुप्ता, संजीव गुप्ता, रविराज अग्रहरि, सकुन्तला गुप्ता, जितेन्द्र गोयल, विनोद केसरवानी, मनीष गुप्ता, महेश गुप्ता, नीलू अग्रहरि, विनय केसरवानी, दशरथ केसरवानी, अमित गुप्ता, पूजा गुप्ता, संध्या गुप्ता, स्वाती गुप्ता, रेखा गुप्ता, जयंती रैकवार, सैलू सोनी, शीला रैकवार, पुष्पा केसरवानी, विनोद गुप्ता, तन्नू अग्रहरि, विष्णु केसरवानी, रूपेश निगम, विवेक पाठक, पीयूष गोयल, बउआ गुप्ता, मोनू, सुधांशु, सविता, राजाराम, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार सेन, राहुल, किशोर, अभिषेक सोनी, रोहित, स्वतंत्र गुप्ता आदि राम भक्त मौजूद रहे।

एक शाम-राम के नाम: भजन-संध्या

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व युवा जिला युवा नगर व्यापार मंडल टीम ने एक शाम राम के नाम भजन-संध्या में पांच सौ साल बाद अयोध्या में भगवान राम मन्दिर में राम की प्राण प्रतिष्ठा पर अग्रवाल धर्मशाला नया बाजार में मुख्य अतिथि/पूर्व सांसद/वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरों प्रसाद मिश्र व नगर पालिका अध्यक्ष/नगर व्यापार मंडल संरक्षक नरेंद्र गुप्ता, काऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकुल अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी नेता नत्थूलाल गुप्ता की मौजूदगी में भजन-संध्या कराई।

मंगलवार को व्यापार मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष/पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से व्यापारियों का हौसला बढ़ता है। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सौभाग्य की बात है जो राम मंदिर के भव्य निर्माण में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। पंकज अग्रवाल ने कहा कि गर्व की बात है कि सालों प्रतीक्षा के बाद भव्य मंदिर में राम विराजमान हुए। सुरेश मिश्रा ने कहा कि आने वाली पीढियां इस बारे में गर्व महसूस करेंगी। जिले में निरहुआ के नाम से विख्यात कलाकार, छतरपुर से आयी प्रख्यात ज्योति ने भजनों से शमां बांध दिया। अतिथियों ने भजन संध्या की सराहना की। राम भक्ति के आगे ठंड बेअसर दिखी। पटाखों की धूम ने लोगों को आकर्षित किया। युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ व्यापारी नेता मूलचंद गुप्ता, व्यापार मंडल संरक्षक रामबाबू गुप्ता, व्यापार मंडल संरक्षक पीडी गुप्ता, जिला महामंत्री सुशील कक्का, दिलीप केसरवानी, महेश जायसवाल, महेश केसरवानी, अतुल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, मोहित जैन, मोहित कश्यप, राम गुप्ता, शुभम गुप्ता, कुलदीप पहारिया, कृष्णा, शिवा, छोटू केसरवानी, शाहिद व जनता ने भजन-संध्या का लुत्फ उठाया।

छलांग प्रशिक्षण दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नीति आयोग सहयोगी संस्था पिरामल फाउडेशन ने चयनित प्रजायत्न संस्था के ईएलएमएस छलांग कार्यक्रम में ब्लाक चित्रकूट के 25 विद्यालयो के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण संकुल भवन शिवरामपुर में किया।

मंगलवार को गतिविधि आधारित शारीरिक शिक्षा पर मिनट टू मिनट के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक अवध बिहारी सिंह, श्रीमती रेखा श्रीवास ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू की। चेतना गीत बाद छलांग उद्देश्य को साझा किया। शारीरिक शिक्षा के फायदे बताये। बालिकाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 35 फीसदी लोग मोटापे के शिकार हो रहे हैं, जिन्हें शारीरिक शिक्षा की मुख्य धारा से दूर किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी छात्रों को शारीरिक शिक्षा, स्कूलों की फिटनेस, मूल्यांकन पर ध्यान दिया जा रहा है। सभी से अनुभव पूंछकर प्रशिक्षक में पिरामिल से हर्षिता, लक्ष्मी, प्रजायत्न संस्था से अमित, सूर्यकांत, विजय, अनुज, प्रेमचन्द्र, नीलू सिंह, शाहिद, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विद्यासागर सिंह, प्रेमचंद शिवहरे, संजय सिंह, अजय सिंह चंदेल, शिव सागर सिंह समेत शिक्षकों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

पुलिस ने दबोचा एक वांछित

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की टीम ने आत्महत्या को उकसाने के वांछित रोहित सिंह पुत्र पुष्पराज सिंह थाना मऊ को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, सिपाही अरविन्द कुमार मौर्य, अनुज वर्मा शामिल रहे।

कुआ-जर्जर इमारत को जल्द गिरायें पालिका, हो सकता है कोई हादसा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैण्ड पर तकरीबन 65 साल पहले कुआ पर बनी तीन मंजिला इमारत के जर्जर होने से कभी भी कोई गम्भीर हादसा हो सकता है। नगर पालिका ने कुआ को जल्द न ढहाया तो कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने भी माना है कि जर्जर कुआ पर बनी इमारत से हादसे की आशंका है।

मंगलवार को बस स्टैण्ड स्थित कुआ पर बनी तीन मंजिला इमारत कभी भी हादसे का सबब बन सकती है। इसे जल्द न ढहाने पर जर्जर इमारत कभी भी गिर सकती है। इस कुआ पर इमारत का निर्माण तकरीबन 65 साल पहले इलाहाबाद के बस कारोबारी ने करवाया था। इस इमारत व कुआ परिसर की जमीन को सुरेश केशरवानी भौंरी ने खरीद लिया था। सुरेश केशरवानी से नगर पालिका का लम्बे समय तक मुकदमा चलता रहा। बताते हैं कि नगर पालिका ने कुआ-इमारत का मुकदमा जीत लिया है। सुरेश केशरवानी ने बताया कि मुकदमे में अपील की गई है। उसकी बिना अनुमति के कोई भी जर्जर इमारत को नहीं गिरा सकता। उन्होंने कहा कि वे नगर पालिका अध्यक्ष को इमारत गिराने की अनुमति दे चुके हैं, लेकिन यहां पर दुकान बनाने की अनुमति नहीं दी है।

कुआ-इमारत के जर्जर होने पर कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। यहां पर बने कुआ में तमाम शराबी किस्म के लोग कुआ में गिर भी चुके हैं। ये उनका सौभाग्य रहा कि किसी की इस कुआ में गिरने से मौत नहीं हुई, लेकिन जर्जर इमारत के गिरने से कोई शायद ही बच सके। जल्द ही नगर पालिका को ये जर्जर इमारत गिरा देनी चाहिए, ताकि कोई हादसा न हो सके।

गाजा युद्ध में इजराइल को बड़ी क्षति, दो भवनों में विस्फोट, 21 सैनिक हताहत

तेल अवीव। गाजा पट्टी में तीन माह से अधिक समय से छिड़े युद्ध में इजराइल की फौज को अब तक की सबसे बड़ी क्षति हुई है। इस लड़ाई में 24 घंटे के दौरान 21 सैनिक हताहत हो गए। इस बीच इजराइल ने मध्यस्थों के जरिये फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के सामने युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को मध्य गाजा में दो भवनों में हुए विस्फोट में इजराइल के 21 सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट एक हमास आतंकवादी के एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागने से हुआ। इस लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों की संख्या 219 हो गई है। इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कहा है कि युद्ध में "हमारे सबसे अच्छे बेटों में से कई" मारे गए हैं। यह "एक असहनीय रूप से कठिन सुबह है।" उन्होंने देश की तरफ से पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी है। रक्षामंत्री योव गैलेंट ने भी कहा है कि यह एक "मुश्किल और दर्दनाक सुबह" है। गैलेंट ने कहा है कि यह युद्ध आने वाले दशकों में इजराइल का भविष्य निर्धारित करेगा। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मध्य गाजा में किसुफिम के सीमावर्ती समुदाय के करीब हुई घटना में 21 सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है।

द इजराइल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इजराइल ने कतर और मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा है। इसमें कहा गया है कि अगर हमास गाजा में शेष 136 बंधकों की चरणबद्ध रिहाई को राजी हो तो इजराइल, हमास के खिलाफ दो महीने तक सैन्य अभियान रोक देगा।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने प्रस्ताव दिया कि व्यापक युद्ध विराम समझौते के तहत हमास नेताओं को गाजा पट्टी से निर्वासित होना होगा।

ऑस्कर विजेता हॉलीवुड के निमार्ता-निर्देशक नॉर्मन ज्विसन का निधन



वाशिंगटन। हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक और फिल्म निमार्ता नॉर्मन ज्विसन का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। हॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में देने वाले ज्विसन ने शनिवार को घर पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की पुष्टि परिवार के सदस्य जेफ सैंडरसन ने की।

नॉर्मन ज्विसन के निधन पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें तीन बार ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया। 1999 में शानदार उपलब्धि के लिए अकादमी पुरस्कार मिला। उन्होंने 'डोरिस डे कॉमेडी' और 'मूनस्ट्रक' से लेकर ऑस्कर विजेता 'इन द हीट ऑफ द नाइट' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया। परिवार के सदस्य जेफ सैंडरसन ने यह बताने से इनकार कर दिया कि ज्विसन इस समय कहां रहते थे। उन्होंने कहा कि परिवार गोपनीयता का अनुरोध करता है।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार ज्विसन ने करियर की शुरूआत कनाडाई टेलीविजन से की। वह पांच दशक तक टेलीविजन में सक्रिय रहे। उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दे उठाए। उनकी सबसे प्रसिद्ध फिल्मी "इन द हीट ऑफ द नाइट" (1967) है। यह उनकी पहली ऑस्कर विजेता फिल्म है। नॉर्मन ज्विसन ने अपनी आत्मकथा 'दिस टेरिबल बिजनेस हैज बीन गुड टू मी' में कहा कि नस्लवाद और अन्याय उनके सबसे अहम विषय हैं।

उन्होंने लिखा था, "जब भी कोई फिल्म नस्लवाद से संबंधित होती है तो कई अमेरिकी असहज महसूस करते हैं। फिर भी इसका सामना करना होगा। हमें पूर्वाग्रह और अन्याय से निपटना होगा अन्यथा हम कभी नहीं समझ पाएंगे कि अच्छा और बुरा, सही और गलत क्या है। हमें यह महसूस करने की जरूरत है कि दूसरा व्यक्ति कैसा महसूस करता है।"

चीन में पहाड़ टूटने से भूस्खलन में 44 लोग दबे, कई घर हुए तबाह

बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम भाग में पहाड़ों के दरकने से हुए भूस्खलन में करीब 47 लोग दब गए हैं। जानकारी के मुताबिक युन्नान में सोमवार तड़के भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश एवं बचाव कार्य जारी है। स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि भूस्खलन युन्नान प्रांत के झेंक्सिओनग काउंटी में सुबह 5:51 बजे हुआ। राज्य प्रसारक सीसीटीवी ने कहा कि लगभग 18 घर तबाह हो गए और 200 से अधिक लोगों को बाहर निकालने का काम जारी है।

सीसीटीवी के अनुसार, अधिकारियों ने 200 से अधिक बचाव कर्मियों के साथ-साथ दर्जनों दमकल गाड़ियों के साथ आपातकालीन प्रक्रिया शुरू कर की। एक स्थानीय प्रसारक द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए फुटेज में नारंगी जंपसूट और हेलमेट पहने आपातकालीन कर्मचारियों को एक फायर स्टेशन के बाहर देखा जा सकता है।

अन्य तस्वीरों में बचावकर्मियों को ढही हुई चिनाई के ऊंचे ढेरों को उठाते हुए देखा गया। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि भूस्खलन में किसी की मौत हुई है या नहीं। आपदा से प्रभावित घर के अंदर फंसे एक ग्रामीण को बाहर निकालने का काम जारी हैं। चीन के दूर-दराज और अक्सर गरीब क्षेत्र युन्नान में भूस्खलन आम बात है, जहां खड़ी पर्वत श्रृंखलाएं हिमालय के पठार से टकराती हैं। मौसम के आंकड़ों से पता चला है कि सोमवार की सुबह जेनक्सिओनग में तापमान शून्य से चार डिग्री सेल्सियस (24.8 डिग्री फारेनहाइट) के आसपास रहा। भूस्खलन का कारण क्या हो सकता है, इसके बारे में तत्काल कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया है।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूरी दुनिया में धूम, दुबई की 'बुर्ज खलीफा' इमारत पर छाए भगवान राम

दुबई/लंदन/वांशिगटन। अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पूरी दुनिया में धूम है। इसी कड़ी में दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा ने बिल्डिंग पर भगवान राम और शिव के अलग-अलग चित्र लगाकर इस विशिष्ट दिन को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसके अलावा ब्रिटेन के लंदन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मेक्सिको में पहले राम मंदिर को स्थापित किया गया। इसके अलावा दुनिया के कई देशों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य आयोजन किए गए।

ब्रिटेन में हुए इस भंडारे में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस भंडारे का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दुनिया भर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बेहतरीन तरीके से स्वागत किया गया।

अयोध्या के राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' (प्रतिष्ठापन) समारोह के अवसर पर मेक्सिको को अपना पहला भगवान राम मंदिर मिला। ये मंदिर क्वेरेटारो शहर में स्थित है। इस मंदिर में विराजमान भगवान की मूर्ति भारत से लाई गई है। मैक्सिकन मेजबानों की उपस्थिति में अमेरिकी पुजारी द्वारा मंदिर में पूजा की गई। यह कार्यक्रम प्रवासी भारतीयों द्वारा गाए गए मनमोहक भजनों और गीतों से भरा हुआ था। मेक्सिको में भारतीय दूतावास ने राम मंदिर की घोषणा करते हुए लिखा, 'मेक्सिको में पहला भगवान राम मंदिर! अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की पूर्व संध्या पर, मेक्सिको का क्वेरेटारो शहर पहले भगवान राम मंदिर का घर बन गया है। क्वेरेटारो में मेक्सिको का पहला भगवान हनुमान मंदिर भी है।

दूतावास ने आगे कहा कि 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह मैक्सिकन मेजबानों के साथ एक अमेरिकी पुजारी द्वारा किया गया था और मूर्तियों को भारत से लाया गया था और हॉल में भारतीय प्रवासियों द्वारा गाए गए पवित्र भजन और गीत गूंज रहे थे।'

मरियम नवाज शरीफ के पक्ष में इमरान के पार्टी उम्मीदवार ने नामांकन वापस लिया

लाहौर। आम चुनाव से पहले पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नवाज शरीफ के पक्ष में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उम्मीदवार मेहर मुहम्मद वसीम ने पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज के पक्ष में अपना नाम वापस लेने की घोषणा की है।

इमरान खान की पार्टी के लिए इसे एक बड़ा झटका माना जा रहा है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को लाहौर में भी धक्का लगा है। लाहौर में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और जकात समिति के प्रमुख समेत पीपीपी के स्थानीय पदाधिकारी समर्थकों के साथ नवाज शरीफ की अगुआई वाली पीएमएल-एन में शामिल हो गए हैं।

पीटीआई उम्मीदवार वसीम ने मरियम से मुलाकात कर लाहौर की एनए-119 सीट से उनके पक्ष में हटने और अपने समर्थकों के साथ पीएमएल-एन में शामिल होने की घोषणा की। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली के लिए लगभग 17,816 उम्मीदवार की सूची जारी की। इनमें से 11,785 निर्दलीय, जबकि 6031 विभिन्न दल के नेता हैं।

बढ़ती मानवीय माँगों के बीच गाजा संघर्ष में 25 हजार नागरिकों की मौत

संयुक्त राष्ट्र। गाजा में "तीव्र" इजरायली हमले और इजरायल में फिलिस्तीनी रॉकेट हमले सोमवार को भी जारी रहे। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय रिपोर्ट में 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से एन्क्लेव में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत होने की बात कही गई है।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए स्थापित कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि इजरायली हमलों के कारण 62,681 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। ये हमले इजरायल में हमास के नेतृत्व वाले हमलों के जवाब में थे, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बन गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ओसीएचए ने कहा कि शुक्रवार से गाजा में दो इजरायली सैनिक मारे गए हैं, जिससे जमीनी ऑपरेशन शुरू होने के बाद से कुल संख्या 193 हो गई है और 1,203 सैनिक घायल हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र सहायता समन्वय कार्यालय ने कहा कि इसी अवधि में 343 फिलिस्तीनी मारे गए और अन्य 573 लोग घायल हुए।

युगांडा की राजधानी कंपाला में रविवार को 77 देशों के समूह (जी77) और चीन के एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने मध्य पूर्व को "एक बारूद का ढ़ेर" बताया और "संघर्ष को पूरे क्षेत्र में भड़कने से रोकने के लिए हम जो कुछ भी कर सकते हैं वह करने" की अपील की।

गुतरेस ने, जो पहले इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के लिए दो-राष्ट्र समाधान के लिए अपना समर्थन जता चुके हैं, दोहराया, "इजरायल के सैन्य अभियानों ने बड़े पैमाने पर विनाश फैलाया है और महासचिव के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान अभूतपूर्व पैमाने पर नागरिकों को मार डाला है।"

तीन महीने से अधिक की "तीव्र" बमबारी के बाद गाजावासियों की जरूरतों पर प्रकाश डालते हुए ओसीएचए ने कहा कि गाजा में अब केवल 15 बेकरियां चालू थीं - "राफा में छह और दीर अल बलाह में नौ" - और वादी गाजा के उत्तर में कोई भी खुला नहीं है। इनमें से लगभग सभी चालू बेकरियों को संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम से समर्थन मिलता रहा है जिसने आटा, नमक, खमीर और चीनी प्रदान की है।

ओसीएचए ने रविवार को आपातकाल पर अपने नवीनतम अपडेट में कहा, "इस पहल के माध्यम से, लगभग ढ़ाई लोग रियायती मूल्य पर ब्रेड खरीदने में सक्षम थे।"

इस बीच, फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए ने सोमवार को बताया कि दूरसंचार शटडाउन को सात दिन हो गये हैं।

अपने सबसे हालिया अपडेट में, यूएनआरडब्ल्यूए ने खुलासा किया कि गाजा के भीतर आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या 17 लाख तक पहुंच गई है। इनमें से कम से कम 335 लोग एजेंसी की सुविधाओं में शरण लेते समय मारे गए हैं, और 1,161 घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 7 अक्टूबर से अब तक यूएनआरडब्ल्यूए के 151 कर्मचारी मारे गए हैं और इसके 141 प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ है।

अमेरिका, ब्रिटेन ने यमन में हूती शिविरों पर हवाई हमले शुरू किए

सना। अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन ने आधी रात को यमन की राजधानी और अन्य प्रांतों में हूती शिविरों पर हमला किया। मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हमलों में पूर्वी सना में अल-हफा शिविर और उत्तर में अल-दयालामी हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने विवरण दिए बिना कहा कि उन्होंने अल-बायदा के मध्य प्रांत के एक शहर राडा और दक्षिण-पश्चिमी प्रांत ताइज के मकबाना क्षेत्र में भी कुछ स्थानों को निशाना बनाया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निवासियों ने कहा कि विस्फोट शक्तिशाली थे और उनकी आवाज पूरे शहर में सुनी जा सकती थी।

इस बीच, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन ने सोमवार देर रात यमन में हूती ठिकानों पर हमले किए, जो केवल 10 दिन में विद्रोहियों के शिविरों पर हमलों का आठवाँ दौर है।

ये हमले हूती द्वारा यह कहने के कुछ घंटों बाद हुए कि उन्होंने सोमवार को अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी सैन्य जहाज पर मिसाइल हमला किया और सीधे हमले का दावा किया। अमेरिकी पक्ष ने कथित हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

लाल सागर में अमेरिका-ब्रिटेन समुद्री गठबंधन ने यमन के विभिन्न उत्तरी प्रांतों में हूती शिविरों पर कई हवाई हमले किए हैं। गठबंधन ने कहा कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य हूती समूह को लाल सागर शिपिंग लेन में वाणिज्यिक जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू करने से रोकना है। हूती समूह ने लाल सागर में इजरायल से जुड़े जहाजों को तब तक निशाना बनाना जारी रखने की कसम खाई जब तक कि इजरायल फिलिस्तीनी क्षेत्र गाजा पर अपना युद्ध और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता। पिछले सप्ताह, अमेरिका ने हूती समूह को वैश्विक आतंकवादी संगठन के रूप में फिर से नामित किया और कहा कि इस कदम से उत्तरी यमन में भोजन और दवा की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

टेक्नोलॉजी की मदद से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की सभी चुनौतियों को दूर कर 5 सालों में सबसे आधुनिक बनेगी देश की न्याय व्यवस्था: अमित शाह

करनाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 5वें अंतर्राष्ट्रीय और 44वें अखिल भारतीय अपराध विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि, ह्यटेक्नोलॉजी की मदद से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की सभी चुनौतियों को दूर कर 5 सालों में देश की न्याय व्यवस्था दुनिया भर में सबसे आधुनिक बनेगी। यह भी एक संयोग है कि नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 5वें अंतर्राष्ट्रीय और 44वें अखिल भारतीय अपराध विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली एक नए युग में प्रवेश कर रही है।

दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून में आमूल-चूल परिवर्तन करते हुए नए भारत में नए कानून का प्रस्ताव रखा था। पहले के कानून का उद्देश्य अंग्रेजों के राज को सुरक्षित करना और भारतीयों को दंड देना था, अब न्याय की मूल भावना से कानून को लाया गया है। यह भी गौर करने वाली बात है कि पहले के कानून में ह्यदंडह्न शब्द जुड़ा हुआ था, जबकि नए कानून में ह्यन्यायह्न शब्द जुड़ा हुआ है। नए कानून में 7 साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फॉरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिट अनिवार्य करने वाले शाह का मानना है कि इससे जाँच आसान हो जाएगी और जजों का काम भी आसान हो जाएगा। गुलामी की मानसिकता को खत्म कर न्याय की मंशा से कानून बनाने वाले भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि आने वाले 5 साल बाद देश में हर वर्ष 9,000 से अधिक फॉरेंसिक साइंस ऑफिसर्स तैयार होंगे। अमृतकाल में तीन नए कानून से इज ऑफ पुलिसिंग और इज ऑफ जस्टिस का दौर शुरू होने वाला है। आने वाले 1 साल में देशभर में नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 9 और कैंपस खुलेंगे जो क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में फॉरेंसिक साइंस के उपयोग के रिसोर्सेज तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। नए कानूनों में इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसीक्यूशन और न्यायिक प्रक्रिया में फॉरेंसिक साइंस को महत्व दिया गया है, इससे युवाओं के लिए बहुत बड़ा क्षेत्र खुलने जा रहा है। देश की जनता ने देखा है कि आजादी के बाद कोई सरकार 50 सालों में चार से पाँच युग परिवर्तनकारी काम करती है, लेकिन मोदी सरकार ने 10 साल में 50 से ज्यादा युग परिवर्तनकारी काम कर दिया है। न्याय के लिए प्रतिबद्ध शाह जहाँ यह मानते हैं कि फॉरेंसिक साइंस का उपयोग ना केवल इन्वेस्टीगेशन बल्कि न्याय दिलाने की प्रक्रिया में भी हो, वहीं यह भी मानते हैं कि क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को अपराधियों से 2 जनरेशन आगे रहने की जरूरत है।